

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 186

ग्वालियर, रविवार, 27 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## केजरीवाल बोले- कट्टर ईमानदार है आप पार्टी, सात साल में ढाई गुना बढ़ा दिल्ली का बजट

■ महिलाओं को वर्किंग फोर्सेस में बढ़ावा दिया जाएगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा विधानसभा में 2022-23 के बजट को प्रस्तुत करने के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल की दिल्ली विधानसभा में प्रेसवार्ता हुई। जिसमें उन्होंने विधानसभा में पेश के किए गए बजट के बारे में बताया। उन्होंने हेल्थ, ट्रांसपोर्ट, शिक्षा आदि सेक्टरों के लिए आवंटित बजट का जिक्र किया। केजरीवाल ने कहा कि 2015 में जब हमारा बजट प्रस्तुत किया गया था तो 30 हजार करोड़ था जो सात साल बाद 7600 हजार करोड़ के करीब पहुंच गया है। यह केवल ईमानदारी के कारण हुआ है। हमारी (आप) पार्टी कट्टर ईमानदार पार्टी है। उन्होंने कहा कि पिछले सात साल में दिल्ली सरकार ने 12 लाख रोजगार तैयार किए गए हैं। जिसमे 1 लाख 78 हजार और 10 लाख प्राइवेट सेक्टर में दिए गए हैं। इसके अलावा सीएम ने कहा कि वर्किंग फोर्सेज में इंडिया में महिलाओं की भागीदारी केवल 20 प्रतिशत है। महिलाओं को जब तक वर्किंग फोर्सेज में बढ़ावा नही दिया जाता है तब तक भारत विकासशील देश से विकसित देश में शामिल नही हो सकता है। इसलिए महिलाओं



को वर्किंग फोर्सेस में बढ़ावा दिया जाएगा। चिराग इन्क्लेव में साइंस म्यूजियम बनेगा। केजरीवाल ने कहा कि सड़कों पर रहने वाले बच्चों ले लिए बोर्डिंग स्कूल बनेगा। इसके लिए 10 करोड़ का प्रविधान है। स्कूलों के सभी क्लासरूम स्मार्ट क्लासरूम बनेंगे। इस साल 100 मांटेसरी लैब बनेंगी। दिल्ली सरकार की पांच यूनिवर्सिटी में सीटें बधाई गई हैं। वहीं, शिक्षा के क्षेत्र के लिए बजट 16278 करोड़ का बजट है। दिल्ली आश्रय सुधार बोर्ड के लिए 766 करोड़ का बजट है और दिल्ली आश्रय सुधार बोर्ड के लिए 766 करोड़ का बजट रखा गया है। जबकि दिल्ली के लोगों के पीने के पानी के लिए प्रमुख योजना 24 घन्टे साफ पानी उपलब्ध कराना है। मुफ्त पानी की योजना इस साल भी लागू रहेगी। नजफगढ़ ड्रेन का सुंदरीकरण किया जाएगा। इसे कभी साहिबी नदी कहा जाता था। इसे फिर से उसी स्थिति में लाने के लिए 700 करोड़ का प्रविधान है। पर्यावरण और वन क्षेत्र के लिए 266 करोड़ का बजट रखा गया है। पूछे जाने पर केजरीवाल ने कहा कि जब से कश्मीरी पंडितों के पलायन हुआ है तब से केंद्र की सरकार ने एक भी कश्मीरी पंडितों को फिर से नही बसाया गया है। इस दौरान आठ साल से केंद्र में भाजपा की सरकार रही है। हमारी मांग है कि फ़िल्म ने जो 200 करोड़ कमाए हैं। इसे कश्मीरी पंडितों को बांट दिया जाए। कश्मीरी पंडितों को फिर कश्मीर में बसाया जाए।

## सेहत और जन कल्याण की दिशा में दुनिया को एकजुट कर रहा योग: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि योग अच्छे स्वास्थ्य और जन कल्याण की दिशा में दुनिया को एकजुट कर रहा है और उन्होंने 114 देशों के लोगों के लिए योग सत्र आयोजित



करने के दोहा में भारतीय दूतावास के महान प्रयास की सराहना की। मोदी ने अपने ट्वीट में गुजरात के जामनगर में 'डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन की स्थापना के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ मेजबान देश के समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले आयुष मंत्रालय का भी उल्लेख किया और कहा कि भारत को ऐसे आधुनिक केंद्र का स्थान बनने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा, यह केंद्र एक स्वस्थ धरती बनाने और वैश्विक भलाई के लिए हमारी समृद्ध पारंपरिक प्रथाओं का लाभ उठाने में योगदान देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की पारंपरिक औषधियां और स्वास्थ्य पद्धतियां विश्व स्तर पर बहुत लोकप्रिय हैं।

## 31 मार्च से शुरू होगा महंगाई मुक्त भारत अभियान शुरु करेगी कांग्रेस



**नई दिल्ली।** चुनावों में हार का सामना कर रही कांग्रेस पार्टी महंगाई के मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरकर जनाधार वापस पाने की कोशिश कर रही है। इस कड़ी में कांग्रेस 31 मार्च से 7 अप्रैल के बीच देशभर में केंद्र सरकार के खिलाफ महंगाई मुक्त भारत अभियान चलाएगी। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि मोदी सरकार लोगों को कंगाल कर अपना खजाना भरने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई और तेल की कीमतों के खिलाफ राहुल और प्रियंका गांधी देशव्यापी प्रदर्शन में शामिल होने वाले हैं। सुरजेवाला ने कहा कि सरकार लगातार तेल के दाम बढ़ाकर लोगों की जेब में छेद कर रही है? क्या सरकार को गरीबों की जरा सी भी चिंता है? पिछले पांच दिन में लगातार चौथे दिन बढ़ी तेल की कीमतों को लेकर सुरजेवाला ने बीजेपी पर जोरदार हमला कर कहा कि बीजेपी पूरी बेशर्मी के साथ जनता को लूट रही है। दूसरी तरफ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी लगातार बढ़ रही तेल की कीमतों को लेकर सरकार पर हमला बोल दिया है। राहुल गांधी ने कहा, राजा महल में जाने की तैयारी कर रहा है, जबकि जनता महंगाई के बोझ तले दबी जा रही है। वहीं पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर सरकार का कहना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से तेल के दाम बढ़ रहे हैं।

# गुजरात भाजपा का गढ़ था, है और रहेगा रहेगा: अमित शाह



■ शाह ने कहा कि भाजपा हारती नहीं, उसका कारण उसके कार्यकर्ता हैं

■ धोलका में अगले विधानसभा चुनाव में कमल खिलाना मेरी जिम्मेदारी है

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि गुजरात भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गढ़ था, गढ़ है और रहेगा। अमित शाह ने कहा कि भाजपा हारती नहीं, उसका कारण उसके कार्यकर्ता हैं। अहमदाबाद जिले के धोलका कस्बे में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में अमित शाह ने यह बात कही। अहमदाबाद व गांधीनगर में अनेक विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास समारोह में अमित शाह शामिल हुए। उन्होंने धोलका कस्बे में कहा कि धोलका को गुजरात की सबसे विकसित विधानसभाओं में से एक बनाना उनका लक्ष्य है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि धोलका में कमल खिलाने की भी उनकी जिम्मेदारी है। अमित शाह ने कहा कि गुजरात में कांग्रेस सत्ता में आने के फिर से सपने देख रही है, लेकिन गुजरात भाजपा का गढ़ है। गुजरात भाजपा का गढ़ है और रहेगा। गुजरात में भारतीय जनता पार्टी की जीत का श्रेय अमित शाह ने भाजपा के कार्यकर्ताओं को दिया। अमित शाह ने कहा कि भाजपा आज जो भी है, उसके कार्यकर्ताओं की बदौलत है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार समान रूप से विकास कराती है। इस मामले में किसी तरह का कोई भेदभाव नहीं होता है। समारोह में मौजूद लोगों से उन्होंने यह भी कहा कि धोलका में अगले विधानसभा चुनाव में कमल खिलाना उनकी जिम्मेदारी है तथा विकास के लिए यहां के लोग भाजपा को अपना समर्थन देंगे। अमित शाह ने कलोल में रेलवे ओवर ब्रिज का शिलान्यास व गार्डन का लोकार्पण किया। गांधीनगर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में अमित शाह ने अपने एक दिवसीय दौरे में अहमदाबाद व गांधीनगर जिले में कई विकास कार्यों का उद्घाटन लोकार्पण व शिलान्यास किया। अमित शाह ने आडियोलाजी स्पीच लैंग्वेज पैथोलाजी कालेज का किया उद्घाटनकेंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात के सोला सिविल अस्पताल में आडियोलाजी स्पीच लैंग्वेज पैथोलाजी कालेज का उद्घाटन किया। आडियोलाजी स्पीच लैंग्वेज कालेज शुरू करने वाला गुजरात देश का पांचवां राज्य बन गया है। अमित शाह ने यहां आहार केंद्र का भी उद्घाटन किया, जिसमें मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। समारोह में शाह के साथ मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल स्वास्थ्य राज्यमंत्री निमिषा सुथार भी उपस्थित थीं। जन्मजात बहरापन तथा सुनने में होने वाली तकलीफ के कारण बोलने, समझने में परेशानी के साथ भूलने की भी समस्या पीड़ित को होने लगती है। अमित शाह ने गुजरात की पहली स्पीच लैंग्वेज पैथोलाजी कालेज का लोकार्पण किया। गुजरात की एक दिन की यात्रा पर अहमदाबाद पहुंचे केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री ने जीएमइआरएस कालेज परिसर में आडियोलाजी स्पीच लैंग्वेज कालेज की शुरुआत करने के बाद बताया कि इस तरह का कालेज शुरू करने वाला गुजरात पांचवां राज्य बन गया है। अमित शाह ने कालेज की एक्टिविटी व तकनीक आदि की बारीकी से जानकारी ली तथा चिकित्सकों व मेडिकल कर्मचारियों से भी इस बारे में चर्चा की।

### अगले माह कर्नाटक के आधिकारिक दौरे पर जा सकते हैं पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अप्रैल की शुरुआत में कर्नाटक का आधिकारिक दौरा करने वाले हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंत्रिमंडल में बहुप्रतीक्षित फेरबदल पर इस मौके कोई चर्चा नहीं होगी। वित्त मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट क्रियान्वयन पर नजर रखने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली समिति का राज्य में पहली बार गठन किया गया है। बोम्मई ने कहा, सहकारिता क्षेत्र में सुधार पर काम कर रहे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 'क्षीर अभिवृद्धि बैंक से जुड़ी बड़ी बैठक में शामिल होने के लिए एक अप्रैल को राज्य का दौरा करने वाले हैं। हम 'क्षीर अभिवृद्धि बैंक% शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिसका लक्ष्य डेयरी क्षेत्र को वित्तीय बढ़ावा देना है, ताकि किसानों की आय में बढ़ोतरी हो सके और उन्हें वित्तीय सहयोग मिल सके। बोम्मई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच अप्रैल को राज्य का दौरे करने की संभावना है, लेकिन यह अभी केवल संभावित तारीख है,इस पूरी तरह अंतिम रूप नहीं दिया गया है। जब सीएम से पूछा गया कि क्या उनके मंत्रिमंडल के बहुप्रतीक्षित विस्तार पर चर्चा की जाएगी, मुख्यमंत्री ने कहा, ''वे सरकारी कार्यक्रमों के लिए आ रहे हैं, बेंगलुरू में मंत्रिमंडल को लेकर चर्चा नहीं होगी। जब भी नेतृत्व मुझे बुलाएगा, मैं दिल्ली जाकर इस पर चर्चा करूंगा। मुख्यमंत्री पर देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद मंत्रिमंडल का जल्द विस्तार करने या इसमें फेरबदल करने का दबाव बढ़ रहा है। कुछ विधायक अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले नए चेहरों के लिए जगह बनाने की खातिर कर्नाटक मंत्रिमंडल में जल्द ही गुजरात की तरह फेरबदल करने की वकालत कर रहे हैं।

## खास खबर

### लालू के बड़े लाला की चेतावनी..... जल्द कई चेहरों से नकाब उतारूंगा...

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े सुपुत्र और हसनपुर विधायक तेज प्रताप यादव ने कहा है कि उन्हें नासमझ समझने वालों को वह बेनकाब करने वाले हैं। चेतावनी भरे लहजे में तेज प्रताप ने फिर विरोधियों पर तीखा हमला बोला है। शनिवार को ट्वीट करते हुए तेजप्रताप ने कहा है कि वक्त आ चुका है...एक बड़े खुलासे का, जल्द उन सभी चेहरों से नकाब उतारूंगा...जिन्होंने मुझे नासमझ समझने की भूल की। अपने ट्वीट में तेजप्रताप ने फिलहाल समय सीमा या तारीख तय नहीं की है कि वे कब चेहरों को बेनकाब करने वाले हैं। लेकिन इतना जरूर कहा है कि जल्द ही वह यह काम करने वाले हैं। कुछ दिन पहले ही बिहार दिवस कार्यक्रम के दौरान कई बच्चे खाना खाने के बाद बीमार पड़ गए थे। बाद में ये पता चला था, उन्हें फूड पॉइजनिंग हुई है। यह मुद्दा बनाते हुए तेजप्रताप ने नीतीश पर हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि पहले जहरीली शराब और जहरीले खाने से बच्चे की जिंदगी के साथ खिलवाड़, शर्म करो नीतीश कुमार।

### शपथ लेते ही एक्शन में योगी, सभी अपर मुख्यसचिव व प्रमुख सचिव को दिया टारगेट

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को शपथ लेने के बाद शनिवार को एक्शन मोड़ में दिखाई दिए। पहले सुबह प्रेसवार्ता कर फ्री राशन के समय बढ़ाने का ऐलान किया। इसके बाद उन्होंने सभी अपर मुख्यसचिव व प्रमुख सचिव को टारगेट दे दिया। सीएम योगी ने कहाकि 6 माह, 1 साल और 5 साल के लिए टारगेट तय कर उसका प्रजेंटेशन करें। सीएम योगी ने कहा कि हर विभाग आधे-आधे घंटे की प्रेजेंटेशन बनाए। सीएम योगी ने कहा कि पिछली सरकार में मुकाबला दूसरों के काम से था। लेकिन इस बार अपने ही पिछले कार्यकाल से भी और बेहतर करना है। अच्छा काम किया इसकारण वापस लौटे लेकिन अब और बेहतर करना है। जनता ने विश्वास जताया है उस पर खरा उतरना है। सीएम के निर्देश फाइलों को लटकाया न जाए, लोक कल्याण संकल्प पत्र के वादों को अमली जामा पहनाना है।

### एक्शन में सीएम योगी, अपर मुख्यसचिव व सीएस को दिया टारगेट

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को शपथ लेने के बाद शनिवार को एक्शन में दिखे। पहले सुबह प्रेसवार्ता कर फ्री राशन के समय बढ़ाने का ऐलान किया। इसके बाद उन्होंने सभी अपर मुख्यसचिव व प्रमुख सचिव (सीएस)को टारगेट दे दिया। सीएम योगी ने कहाकि 6 माह, 1 साल और 5 साल के लिये टारगेट तय कर उसका प्रजेंटेशन करें। सीएम योगी ने कहा कि हर विभाग आधे-आधे घंटे की प्रेजेंटेशन बनाए। सीएम योगी ने कहा कि पिछली सरकार में मुकाबला दूसरों के काम से था। लेकिन इस बार अपने ही पिछले कार्यकाल से भी और बेहतर करना है। अच्छा काम किया इसलिए वापस लौटे लेकिन अब और बेहतर करना है। जनता ने विश्वास जताया है उस पर खरा उतरना है। सीएम के निर्देश फाइलों को लटकाया न जाये। लोक कल्याण संकल्प पत्र के वादों को अमली जामा पहनाना है।

### अखिलेश यादव और शिवपाल के बीच फिर पड़ गई फूट

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) ने शनिवार को विधायक दल की बैठक बुलाई है। बैठक में सरकार को सड़क से सदन तक घेरने की रणनीति बनानी थी, लेकिन इससे पहले सपा में एक बार फिर अंदरुनी झगड़े की आहट सुनाई देनी लगी है। अखिलेश यादव ने एक बार फिर चाचा शिवपाल यादव को बड़ा झटका देते हुए उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। दो दिन से उम्मीद लगाकर लखनऊ में डेरा डाले शिवपाल यादव को विधायक दल की बैठक में नहीं बुलाया गया है। इससे शिवपाल यादव ने नाराजगी भी जाहिर की है। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रमुख शिवपाल यादव को सपा के चुनाव चिह्न पर ही जसवंतनगर सीट से चुनाव लड़ाया गया था। ऐसे में शिवपाल यादव को पूरी उम्मीद थी कि विधायक दल की बैठक में उन्हें बुलाया जाएगा। शिवपाल ने कहा, %%मुझे पार्टी की बैठक में नहीं बुलाया गया है। मैं दो दिन से इंतजार कर रहा था, इस बैठक में शामिल होने के लिए मैंने अपने दूसरे सारे प्रोग्राम कैंसल कर दिए, लेकिन मुझे बुलाया नहीं गया। मैं सपा का विधायक हूं, फिर भी नहीं बुलाया गया।एक अन्य टीवी चैनल ने जब शिवपाल यादव से पूछा कि उनका अगला कदम क्या होगा तो उन्होंने अभी पत्ते खोलने से इनकार किया और कहा कि समर्थकों से विचार-विमर्श के बाद ही वह कोई फैसला करेंगे। विपक्ष में बैठने का जनादेश मिलने के बाद यह भी अटकलें थीं कि शिवपाल यादव को विपक्ष का नेता भी बनाया जा सकता है।

## रूस ने समुद्र में उतारीं एटामिक सबमरीन, परमाणु युद्ध का खतरा



■ 16 बैलिस्टिक मिसाइल ले जा सकती हैं रूसी न्यूक्लियर पनडुब्बियां

■ डोनबास का लिबरेशन चाहता है रूस, परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेगा रूस?

**नई दिल्ली।** यूक्रेन पर रूसी आक्रमण एक महीने से अधिक से जारी है और मॉस्को का आक्रमण थमता नजर नहीं आ रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा अपने परमाणु बलों को विशेष अलर्ट पर रखने के कुछ घंटों बाद रूस ने अपनी न्यूक्लियर पनडुब्बियां (एटामिक सबमरीन) समंदर में उतार दी हैं। इससे न्यूक्लियर वॉर की आशंका भी बढ़ गई है। रूसी न्यूक्लियर पनडुब्बियां एक साथ 16 बैलिस्टिक मिसाइल को ले जाने में सक्षम हैं। इन पनडुब्बियों को उत्तरी अटलांटिक महासागर में उतारा गया है। रूस के इस कदम को लेकर एक्सपर्ट्स का मानना है कि क्रेमलिन अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए किसी भी हद तक जाता दिख रहा है। रूस पर नजर रख रहे विशेषज्ञों का कहना है कि पुतिन आक्रामक रणनीति के लिए न्यूक्लियर धमकियां देते रहे हैं। ऐसा उन्होंने 2014 के क्रीमिया युद्ध के दौरान भी किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस ने 3 मार्च से अपने न्यूक्लियर हथियारों को हाई अलर्ट पर रखा है। मॉस्को ने 22 मार्च को नाटो को धमकी देते हुए कहा था कि अगर नाटो ने सीमा लांघी तो क्रेमलिन न्यूक्लियर हमले से नहीं चूकेगा।

## गुजरात का जामनगर बनेगा पारंपरिक चिकित्सा का वैश्विक केन्द्र

### भारत सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन के बीच समझौते पर हस्ताक्षर

**अहमदाबाद।** आयुष मंत्रालय ने गुजरात में आयुर्वेद में प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आईटीआरए) स्थित अपने अंतरिम कार्यालय के साथ गुजरात के जामनगर में भारत में पारंपरिक चिकित्सा के लिए डब्ल्यूएचओ वैश्विक केन्द्र की स्थापना के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ मेजबान देश समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस केंद्र को भारत सरकार की ओर से लगभग 250 मिलियन अमरीकी डॉलर के निवेश से सहायता मिलेगी। जीसीटीएम का प्राथमिक उद्देश्य आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से दुनिया भर से पारंपरिक चिकित्सा की क्षमता का दोहन करना और विश्व भर के



समुदायों के समग्र स्वास्थ्य में सुधार लाना है। इस समझौते पर 25 मार्च को जिनेवा में आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा और डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस द्वारा हस्ताक्षर किए गए। पिछले महीने केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केन्द्र की स्थापना को मंजूरी दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए अपने संदेश में कहा, ÷पारंपरिक चिकित्सा के लिए वैश्विक केंद्र की स्थापना के लिए समझौते पर हस्ताक्षर के बारे में जानकर प्रसन्नता हो रही है। विभिन्न पहलों के माध्यम से, हमारी सरकार रोकथाम संबंधी और उपचारात्मक स्वास्थ्य देखभाल को किफायती और सभी के लिए सुलभ बनाने का निरंतर प्रयास करती रही है। जामनगर स्थित वैश्विक केन्द्र विश्व को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा समाधान उपलब्ध कराने में सहायता करेगा। भारत सरकार की पहल के महत्व को रेखांकित करते हुए, डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने कहा कि आधुनिक विज्ञान और समानता तथा स्थिरता के सिद्धांतों पर चित्रण करके पारंपरिक चिकित्सा की क्षमता का दोहन 21वीं सदी में स्वास्थ्य के लिए एक क्रांतिकारी बदलाव सिद्ध होगा।

## टिकैत ने फिर खोला मांगों का पिटारा, सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी

**नई दिल्ली।** किसान नेता राकेश टिकैत ने एक बार फिर सरकार के सामने अपनी मांगें रखी हैं। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी है कि अगर जरूरत पड़ी तो वह दोबारा आंदोलन के लिए तैयार हैं। हाल ही में उन्होंने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को अपनी मांगों से अवगत कराया है। बीते साल खत्म हुए आंदोलन के दौरान टिकैत बड़े किसान नेता के रूप में सामने आए थे। सरकार ने नवंबर 2021 में तीन कृषि कानूनों को वापस लेने का ऐलान कर दिया था। शुक्रवार को मोहाली में टिकैत ने करीब 50 फार्म यूनियन और सामाजिक संगठनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि किसानों का संघर्ष खत्म नहीं हुआ है



और अगर केंद्र को लगता है कि संयुक्त किसान मोर्चा बंट गया है तो वे गलत हैं। उन्होंने संकेत दिए हैं कि वे दोबारा आंदोलन करने के लिए तैयार हैं। किसानों ने बीबीएमबी में पंजाब और हरियाणा के सदस्यों के स्थाई प्रतिनिधित्व को खत्म करने का फैसला वापस लेने की मांग की है। इसके अलावा पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड के सिलेबस की किताबों में सिख इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई, लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के खिलाफ कार्रवाई और आशीष मिश्रा और उनके सहयोगियों को सजा देने की मांग की है। इसके अलावा किसान नेता किसान कैदियों की रिहाई, स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों के आधार पर सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने के लिए कानून और एमएसपी के तहत सभी फसलों की खरीद की गारंटी की मांग कर रहे हैं। टिकैत और डॉक्टर दर्शन पाल के नेतृत्व में 35 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल बनवाली लाल पुरोहित के जरिए राष्ट्रपति कोविंद को मेमोरेंडम सौंपा है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### लखनऊ सुपर जाइंट्स को वुड से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**लंदन** । इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अनुबंध को कंप?यूटर गेम की तरह बताया है। वुड को आईपीएल की नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जाइंट्स ने साढ़े 7 करोड़ रुपये में खरीदा है। वुड के अनुसार अनुबंध मिलना 'फुटबॉल मैनेजर' जैसा कंप्यूटर गेम खेलने की तरह है जो वास्तविक नहीं होता है। वुड ने कहा कि जब बोली लगी तो उनकी पत?नी सारा ने पूछा कि यह पाउंड में कितनी राशि होगी। साथ ही मजाकिया लहजे में कहा कि मुझे सभी खाते फ्रीज करने पड़ सकते हैं, जिससे की यह राशि गायब नहीं हो जाए। उन्होंने कहा पर हम खुश थे। यह काफी अजीब अनुभव था। यह कंप्यूटर गेम की तरह लगता है। यह वास्तविक नहीं लगता, जैसे फुटबॉल मैनेजर में ट्रांसफर होते हैं पर जब अनुबंध मिलता है तो यह काफी वास्तविक भी होता है। वहीं अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड को अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली 3 टेस्ट की सीरीज के लिए जगह नहीं दिये जाने पर वुड हैरान हैं। वुड ने कहा कि वे इन दोनों को बाहर किए जाने के बारे में जानकर 'हैरान' हैं।

### आईपीएल के शुरुआती मैच में नहीं खेल पायेंगे डी कॉक व रबाडा

**जोहांसबर्ग** । दक्षिण अफ्रीका के करीब आठ क्रिकेटर इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल के 15 वें सत्र के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पायेंगे। इसका कारण यह है कि इन खिलाड़ियों को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय सीरीज के लिए चयनित 16 सदस्यीय टीम में जगह मिली है। द अफ्रीका को 18 मार्च से तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलनी है। ऐसे में क्वारंटीन के कारण ये सभी खिलाड़ी आईपीएल का शुरुआती मैच नहीं खेल पायेंगे।
बांगलादेश के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम में क्विंटन डी कॉक, मार्को जेनसन, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, कैगिसो रबाडा और रासी वैन डेर डूसन को शामिल किया गया है। एकदिवसीय श्रृंखला 23 मार्च को ही समाप्त हो जाएगी। ऐसे में ये खिलाड़ी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला नहीं खेलने के बाद भी कम से कम पहला मैच नहीं खेल पाएंगे।

### एएफसी एशिया कप में अफगानिस्तान, कंबोडिया और हांगकांग से खेलेगा भारत

**नई दिल्ली** । एएफसी एशिया कप चीन 2023 के अंतिम दौर के क्वालिफायर मुकाबलों के लिए भारत को ग्रुप डी में हांगकांग, अफगानिस्तान और कंबोडिया के साथ रखा गया है। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) के जारी कार्यक्रम के अनुसार इस टूर्नामेंट का यह आखिरी चरण आठ जून को कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्री?ांगन में शुरू होगा और जिसमें भारतीय फुटबॉल टीम कंबोडिया से खेलेगी, जबकि उसके अगले दो मैच 11 जून को अफगानिस्तान और 14 जून को हांगकांग से होंगे। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 24 टीमों को छह समूहों में बांटा गया है। किया गया है, जिसमें छह ग्रुप विजेता टीमें और दूसरे स्थान पर रहने वाली पांच सर्वश्रेष्ठ टीमें चीन में होने वाले एएफसी एशिया कप 2023 के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारतीय फुटबॉल टीम ने फीफा विश्व कप कतर 2022 और एएफसी एशियाई कप चीन 2023 के संयुक्त क्वालीफायर के दूसरे दौर में ग्रुप ई में तीसरे स्थान पर रहने के बाद एएफसी एशिया कप क्वालीफायर के तीसरे और अंतिम दौर में जगह बनाई थी।

# सीएसके ओर केकेआर मुकाबले से हुई आईपीएल की शुरुआत

**मुम्बई** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र की शुरुआत आज शाम को चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच होने वाले मुकाबले से होगी। यह मैच मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम 7~ 30 बजे से खेला जाएगा। इसमें पिछले साल की विजेता चेन्नई की कप्तानी रविन्द्र जडेजा जबकि गत उपविजेता केकेआर की कमान श्रेयस अय्यर के पास है। आईपीएल के इस सत्र में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। आईपीएल का यह सत्र इसलिए भी खास है क्योंकि कोरोना महामारी के बाद यह पहली बार है जब दर्शकों को सीमित तादाद में प्रवेश दिया जाएगा क्योंकि संक्रमण का खतरा अब कम हो गया है। आईपीएल में इस बार आठ की जगह दस टीमें उतर रहे हैं। इसमें गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपरजाइंटस नई टीमें हैं।

आईपीएल में सीएसके और केकेआर के बीच अब तक कुल 18 मुकाबले हुए हैं जिसमें से सीएसके ने 18 जबकि केकेआर ने 9 जीते हैं। वहीं अगर दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले 5 मैचों पर नजर डालें तो सीएसके ने सबसे ज्यादा 4 बार जीत दर्ज की है जबकि केकेआर को एक में ही जीत मिली है।

**दानों की अंतिम ग्यारह इस प्रकार है**

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़, डेवोन कॉनवे, अंबाती रायुडू, रवींद्र जडेजा (कप्तान), रॉबिन उथप्पा, एमएस धोनी (विकेटकीपर), ड्वेन ब्रावो, शिवम दूबे, मिशेल सेंटनर, क्रिस जॉर्डन, तुषार देशपांडे

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह, मोहम्मद नबी, वेंकटेश अय्यर, नितीश राणा, आंद्रे रसेल, सैम बिलिंग्स (विकेटकीपर), टिम साउथी, वरुण चक्रवर्ती, उमेश यादव।



### 29 मई को खेला जाएगा फाइनल मैच

आईपीएल सीजन 15 का पहला मैच आज वानखेड़े स्टेडियम में शाम 7.30 बजे खेला जाएगा। फाइनल मैच 29 मई को होगा। क्रिकेट का ये महामुकाबला यूपी वालों के लिए बेहद रोमांचक होगा। जहां यूपी की टीम IPL में जीत के लिए खेलेगी, यूपी के तेज गेंदबाज और बल्लेबाज रनों के नए रिकार्ड बनाएंगे।

### यूपी के खिलाड़ियों पर टीमों को अधिक भरोसा

भारतीय क्रिकेट में देखें तो इस समय यूपी के खिलाड़ियों का परफार्मेंस ग्राफ काफी हाई है। एक समय जब टीम पर महाराष्ट्र और दिल्ली के खिलाड़ी हावी थे, आज वो जगह यूपी के खिलाड़ियों को मिलती जा रही है। मोहम्मद शमी, सूर्य यादव, दीपक चाहर, कार्तिक त्यागी, राहुल चाहर, भुवनेश्वर कुमार ऐसे नाम हैं जिन्हें टीम में अच्छी परफार्मेंस के लिए लगातार खेलने का मौका मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के लिए आईपीएल काफी अहम है। इस सीजन में यूपी की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स IPL में एंट्री कर रही है। वहीं पूरे आईपीएल में उत्तर प्रदेश के छोटे-बड़े शहरों से 20 खिलाड़ी हैं, जिन्हें टीमों ने ऑक्शन में खरीदा है।

### कैसी होगी दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन

आईपीएल के पहले मुकाबले में चेन्नई की टीम के दो बड़े खिलाड़ी दीपक चाहर और मोईन अली खेलते नजर नहीं आएंगे। दीपक को टीम ने 14 करोड़ देकर टीम के साथ जोड़ा था, लेकिन वो वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में चोटिल हो गए थे।ऐसे में अभी तक वो टीम के साथ नहीं जुड़े हैं। मोईन अली के वीजा में लेट होने के कारण वो टीम के साथ देरी से जुड़े हैं। ऐसे में वो पहले मैच का हिस्सा नहीं बनेंगे। दीपक की जगह राजवर्धन हंगरगेकर और मोईन अली की जगह एडम मिल्ने को मौका मिल सकता है। कोलकाता की बात करें तो पहले मुकाबले में अजिंक्य रहाणे और वेंकटेश अय्यर सलामी बल्लेबाजी करते नजर आएंगे। सैम बिलिंग्स विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं।

### आईपीएल में नजर नहीं आयेंगे हेल्स

**मुम्बई** । इंग्लैंड के बल्लेबाज एलेक्स हेल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है। हेल्स को आईपीएल के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 1.5 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। हेल्स ने बायो बबल से होने वाली थकान को देखते हुए इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस लिया है। केकेआर ने अब हेल्स की जगह पर ऑस्ट्रेलिया के आरोन फिंच को शामिल किया है। फिंच ने अब तक 88 आईपीएल मुकाबलों में 2 शतक और 15 अर्धशतक की सहायता से 2686 रन बनाए हैं। केकेआर टीम आईपीएल के अपने शुरुआती मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से खेलना है। हेल्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी डाली है। इसमें उन्होंने लिखा है , मुझे यह घोषणा करते हुए दुख हो रहा है कि मुझे आईपीएल से हटना पड़ रहा है। पिछले चार महीने घर से दूर रहने के बाद प्रतिबंधित बायो बबल में और ऑस्ट्रेलिया में स्वयं कोविड-19 के लिए सकारात्मक परीक्षण करने के बाद अब मेरा शरीर एक बार ओर बायो बबल में रहने के लिए तैयार नहीं है।



*सरजेवो में कराते स्पर्धा में भाग लेते हुए सर्बिया के ट्रिकोस बोगडन व यूनान के मैस्ट्रोजियानिस कोंसटेंटिनोज।*

### यो-यो टेस्ट को और कठिन बनाने का इरादा नहीं : बीसीसीआई

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि अब चयन के लिए जरुरी यो-यो परीक्षण को कठिन नहीं बनाया जाएगा। हाल में देखा गया है कि कई अच्छे खिलाड़ी भी यो-यो टेस्ट में पास नहीं होने के कारण ही टीम से बाहर हो जाते हैं। इससे पहले बोर्ड ने हाल ही में कहा था कि जो खिलाड़ी यो-यो टेस्ट पास करने में नाकाम रहे हैं, उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में खेलने की अनुमति नहीं दी जाएगी पर अब बोर्ड का रुख बदल गया है। उसका माना है कि इस टेस्ट से खिलाड़ियों की मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि हमारे पास खिलाड़ी के लिए यो-यो टेस्ट को और जटिल बनाने की कोई योजना नहीं है। क्योंकि यह खिलाड़ियों के लिए अच्छा साबित नहीं हुआ है। आजकल काफी ज्यादा क्रिकेट हो रहा है जिससे खिलाड़ी मानसिक रुप से थके रहते हैं , ऐसे में उनपर यो-यो टेस्ट से अनावश्यक दबाव नहीं डाला जा सकता।

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम बेहतर प्रदर्शन के लिये तैयार : डेनेरबी

**नई दिल्ली** । भारतीय महिला फुटबॉल टीम 28 मार्च से तीन अप्रैल तक चलने वाले सात दिवसीय अभ्यास शिविर के लिये गोवा में एकत्रित होगी। टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी सैफ महिला अंडर-18 चैम्पियनशिप में भारतीय अंडर-18 टीम के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी होने के बाद यह शिविर शुरू करेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा, ''दोबारा शिविर में लौटने से पहले टीम को मिले ब्रेक से सभी को लाभ हुआ। मुझे महसूस हो रहा है कि अब सभी तरोताजा हैं और आगे की नयी चुनौतियों से निपटने के लिये तैयार हैं।''

उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और फिर आगे की तैयारी शुरू करेंगे। हमारी बहुत अच्छी टीम है।''

**संभावित टीम इस प्रकार हैं =**

**गोलकीपर :** अदिति चौहान, लिंथोइंगाम्बी देवी, श्रेया हुड्डा, सौम्या नारायणासैमी

**डिफेंडर :** डालिमा छिब्बर, स्वीटी देवी, रितु रानी, आशालता देवी, रंजना चानू, मनीषा पन्ना, अस्तम ओराओन, क्रिटिना देवी

**मिडफील्डर :** अंजू तमांग, संध्या रंगनाथन, कार्तिका अंगामुथु, रतनबाला देवी, प्रियंगका देवी, कश्मीना, इंदुमती काथिरेसन, मार्टिना थॉकचोम, सुमित्रा कामराज

**फॉरवर्ड :** अपूर्णा नरजारी, ग्रेस डांगमेई, सौम्या गुगुलोथ, मनीषा, प्यारी खाका, रेणु, करिश्मा शिरोवोइकर, मरियम्मल बालामुरूगन।

## व्यापार न्यूज

### वेदांता तेल, जस्ता एवं इस्पात कारोबार में करेगी निवेश

**नई दिल्ली** । अरबपति अनिल अग्रवाल की अगुआई वाली कंपनी वेदांता अपने तेल, गैस, जस्ता और इस्पात कारोबार में 1.5 अरब डॉलर का निवेश करने पर विचार कर रही है। वेदांता ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि निदेशक मंडल की बैठक में कंपनी की तेल और गैस इकाई केयर्न ऑयल एंड गैस में नए कुओं के उत्खनन के लिए 68.7 करोड़ डॉलर के पूंजीगत व्यय को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही निदेशक मंडल ने दक्षिण अफ्रीका में गैम्सबर्ग जस्ता परियोजना के दूसरे चरण के विस्तार के लिए 46.6 करोड़ डॉलर और अन्य परियोजनाओं के विस्तार के लिए 34.8 करोड़ डॉलर के खर्च को भी स्वीकृति दी। कंपनी ने कहा कि 68.7 करोड़ डॉलर का पूंजीगत व्यय तेल एवं गैस कुओं के उत्खनन, विकास और अन्वेषण की दिशा में है। केयर्न ऑयल एंड गैस कारोबार के लिए रणनीतिक प्राथमिकता इन कुओं को भर निकट अवधि में संसाधनों की मात्रा में वृद्धि करना है।

### अप्रैल-फरवरी में कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात 21.5 अरब डॉलर

**नई दिल्ली** । वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात वित्त वर्ष 2022 के अप्रैल-फरवरी की अवधि में 21.5 अरब डॉलर का रहा। मंत्रालय ने कहा कि इसी अवधि में चावल का निर्यात 8.67 अरब डॉलर के स्तर को पार कर गया है। इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल 2021-जनवरी 2022 के दौरान गेहूं के निर्यात की खेप 1.74 अरब डॉलर तक हो गई है। इसने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 के 11 महीनों में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात 21.5 अरब डॉलर का हुआ है और यह 23.71 अरब डॉलर के वार्षिक निर्यात लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### सिडबी ने ओएनडीसी की 7.84 %हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली** । भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने दस करोड़ रुपए में सार्वजानिक क्षेत्र के डिजिटल बुनियादी ढांचा मंच ओएनडीसी में 7.84 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। सिडबी ने कहा ?कि दस करोड़ रुपए के निवेश के साथ ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) में हमने 7.84 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। सिडबी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एस रमण ने कहा कि ओएनडीसी में इस निवेश से हमें डिजिटल मंच की आसान पहुंच को लेकर डिजिटल बुनियादी ढांचे को विकसित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल मंच खासकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए बाजार में पहुंच बढ़ाने में मददगार होगा। गौरतलब है कि ओएनडीसी का गठन दिसंबर 2021 में किया गया था। इसका उद्देश्य भारतीय डिजिटल वाणिज्य परिवेश तैयार करना और अपनी तरह का पहला खुला सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार करना था।

### मुंबई-हेलसिंकी के बीच सीधी उड़ान जुलाई से

**मुंबई** । फिनलैंड की प्रमुख विमानन कंपनी फिनएयर ने कहा कि वह हेलसिंकी और मुंबई के बीच सीधी उड़ान जुलाई से शुरू करेगी। इसके साथ ही मुंबई, दिल्ली के बाद इस एयरलाइन का दूसरा भारतीय गंतव्य बन जाएगा। फिनएयर ने कहा, ''मुंबई और हेलसिंकी के बीच उड़ानों की बुकिंग पांच अप्रैल से की जा सकेगी। इन दो शहरों के बीच उड़ानें सप्ताह में तीन बार बुधवार, शुक्रवार और रविवार को संचालित होंगी। फिनएयर के महाप्रबंधक डेसमंड चाको ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे कोरोना के प्रकोप से उबर रही है, इसके बाद हमारी नई सेवाएं इस क्षेत्र में व्यापार और अवकाश के दिनों में यात्रा दोनों के लिए सुविधा देगी। वहीं ब्रिटिश विमानन कंपनी वर्जिन अटलांटिक ने कहा कि वह एक जून से दिल्ली और लंदन के बीच दूसरी दैनिक शुरू करने जा रही है। एयरलाइन ने 27 मार्च से प्रभावी अपनी मुंबई उड़ान के प्रस्थान समय में कुछ बदलावों की भी घोषणा की है। कंपनी ने एक बयान में कहा वर्जिन अटलांटिक मुंबई से अपनी सेवा के साथ भारत से तीन दैनिक उड़ानें संचालित करेगी। वर्जिन अटलांटिक ने कहा कि जून के बाद से वह दिल्ली से लंदन के लिए सुबह के साथ-साथ रात के लिए भी विमान प्रस्थान की पेशकश करेगी।

# पैरासिटामॉल समेत 800 जरूरी दवाएं होंगी महंगी

### अप्रैल से 10 फीसदी तक बढ़ जाएंगे इन दवाओं के दाम

**नई दिल्ली** । पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस सिलेंडर के बाद अब दवाओं पर भी महंगाई की मार पड़ने वाली है। अप्रैल से 800 से ज्यादा जरूरी दवाओं के दाम में 10 प्रतिशत तक बढत होगी। इनमें बुखार, हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर, त्वचा रोग और एनीमिया के उपचार में इस्तेमाल होने वाली दवाएं भी शामिल हैं। अगले महीने से से पेनकिलर और एंटी बायोटिक जैसे पैरासिटामॉल फिनाइटोइन सोडियम, मेट्रोनिडाजोल जैसी जरूरी दवाएं महंगी मिलने लगेंगी। दरअसल, केंद्र सरकार ने शेड्यूल ड्रग्स की कीमतों में वृद्धि को हरी झंडी दिखा दी है। नेशनल फार्मा प्राइसिंग अथॉरिटी के मुताबिक इन दवाओं के दाम थोक महंगाई दर के आधार पर की गई है। दरअसल, कोरोना महामारी के बाद से फार्मा इंडस्ट्री दवाओं की कीमत बढ़ाए जाने की लगातार



मांग कर रही थी। एनपीपीए ने शेड्यूल ड्रग्स के लिए कीमतों में 10.7 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की मंजूरी दे दी है। गौतलब है कि शेड्यूल ड्रग्स में आवश्यक दवाएं शामिल हैं और इनकी कीमतों पर नियंत्रण होता है। इनके दाम बगैर अनुमति नहीं बढ़ाए जा सकते हैं। जिन दवाओं के दाम बढ़ने जा रहे हैं, उनमें कोरोना के मध्यम से लेकर गंभीर लक्षणों वाले मरीजों के इलाज में इस्तेमाल की जाने वाली दवाएं भी शामिल हैं। फार्मा कंपनियों के विशेषज्ञों के मुताबिक पिछले दो साल के दौरान कुछ प्रमुख एपीआई की कीमतें 15 से 130 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है। पैरासिटामोल की कीमतों में 130 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं सिरप और ओरल ड्रॉप के साथ कई अन्य दवाओं और मेडिकल एप्लीकेशन में उपयोग होने वाले ग्लिसरीन के दाम 263 प्रतिशत और पॉपीलन ग्लाइकोल की कीमत 83 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इंटरमीडिएट्स के दाम 11 प्रतिशत से 175 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। बढ़ती लागत को देखते हुए पिछले साल 2021 के आखिर में फार्मा कंपनियों ने केंद्र सरकार से दवाओं के दाम बढ़ाने का आग्रह किया था। पिछले साल नवंबर में एक लॉबी समूह जो 1000 से अधिक भारतीय दवा निर्माताओं का प्रतिनिधित्व करता है, ने सरकार से सभी निर्धारित फॉर्मूलेशन की कीमतों में तत्काल प्रभाव से 10 फीसदी की वृद्धि की अनुमति देने का आग्रह किया था। इसने सभी गैर-अनुसूचित दवाओं की कीमतों में 20 फीसदी की वृद्धि करने के लिए भी कहा था।

### निवेश के लिए अनुकूल परिवेश बना रहा बंगाल: डब्ल्यूबीआईडीसी

**नई दिल्ली** । पश्चिम बंगाल उद्योगों के लिए राज्य में निवेश के लिए अनुकूल परिवेश बना रहा है और अनुपालन आवश्यकताओं में ढील देकर कंपनियों के लिए पूंजी लगाने को आसान बना दिया है। पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम (डब्ल्यूबीआईडीसी) के ?अध्यक्ष राजीव सिन्हा ने 21-22 अप्रैल को होने वाले बंगाल वैश्विक व्यापार सम्मेलन की तैयारियों के सिलसिले में कहा कि बुनियादी ढांचे की कोई कमी नहीं है क्योंकि मौजूदा राज्य सरकार ने अपने पहले पांच साल के कार्यकाल में बुनियादी ढांचे के विकास पर पूरा काम किया है। उद्योग मंडल सीआईआई और डब्ल्यूबीआईडीसी द्वारा अप्रैल में आयोजित होने वाले शिखर सम्मेलन में घरेलू कंपनियों और विदेशी उद्यमियों की भागीदारी की उम्मीद है। सिन्हा ने कहा ?कि राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पिछले तीन-चार महीनों में बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि उनकी तीन प्राथमिकताएं उद्योग, उद्योग और केवल उद्योग है। उन्होंने कहा कि ये वह समय है जब उद्योग बंगाल में आ सकते हैं और राज्य में उद्योगों का विस्तार हो सकता है।

### धानुका एग्रिटेक का जयपुर के कृषि विश्वविद्यालय से समझौता

**नई दिल्ली** । कृषि रसायन कंपनी धानुका एग्रिटेक ने श्रीकरण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय के साथ नई प्रौद्योगिकियों के परीक्षण और किसानों को ड्रोन के उपयोग के लिए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से समझौता एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने कहा है ?कि धानुका और श्री करण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर संयुक्त रूप से नई तकनीक के परीक्षण और सत्यापन के लिए काम करेंगे ताकि इसे बड़ी संख्या में किसानों को हस्तांतरित किया जा सके। समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर धानुका एग्रिटेक लिमिटेड के अध्यक्ष आर जी अग्रवाल और कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ जेएस संधू ने हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य ड्रोन प्रौद्योगिकी पर एक साथ काम करना और उर्वरकों एवं कृषि रसायनों के छिड़काव के लिए कृषि ड्रोन की उपयोगिता को प्रदर्शित करना है। इस समझौते के तहत किसानों, वैज्ञानिकों और अन्य कृषि अंशधारकों को खेती में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के लिए शिक्षित और प्रशिक्षित करने का भी प्रयास किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल ने 50,000 रुपए के वार्षिक पुरस्कार की भी घोषणा की। इसमें पांच साल के लिए हर साल किसी सर्वश्रेष्ठ पैथोलॉजी वैज्ञानिक को पुरस्कृत किया जाएगा। इसे धानुका वैज्ञानिक पुरस्कार के नाम से जाना जाएगा। अग्रणी पौध संरक्षण कंपनियों में से एक धानुका समूह बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध है। कंपनी की तीन विनिर्माण इकाइयां गुजरात, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर में स्थित हैं।

## लगातार दूसरे सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में रही गिरावट

**मुंबई** । भू-राजनीतिक तनाव, जिंसों की ऊंची कीमत और ब्याज दर बढ़ने की चिंता के बीच टिकाऊ उपभोक्ता, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, बैंक और आईटी शेयरों में मुनाफावसूली की वजह से लगातार दूसरे सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी रहा। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रूख और मारुति, इंफोसिस और टीसीएस जैसे बड़े शेयरों के लाभ में जाने से सोमवार को शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 264.02 अंक चढ़कर 58,127.95 पर खुला और 571.44 अंक की गिरावट के साथ 57,292.49 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी



66.3 अंक की बढ़त के साथ 17,353.35 पर खुला और 169.45 अंक टूटकर 17,117.60 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 221.35 अंक की गिरावट के साथ 57,071.14 पर खुला और 696.81 अंक की तेजी के साथ 57,989.30 पर बंद हुआ। निफ्टी 54.9 अंक टूटकर 17,062.70 पर खुला और 197.90 अंक की बढ़त के साथ 17,315.50 पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 427.26 अंकों की बढ़त के साथ 58,416.56 पर खुला और 304.48 अंक की गिरावट के साथ 57,684.82 पर बंद हुआ। निफ्टी 126.9 अंकों की तेजी के साथ 17,442.40 पर खुला और 69.85 अंक टूटकर 17,245.65 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 546.31 अंकों की गिरावट के साथ 57,138.51 पर खुला और 89.14 अंक की गिरावट के साथ 57,595.68 पर बंद हुआ। निफ्टी 154.50 अंक की कमजोरी के साथ 17,091.15 पर खुला और 22.90 अंक की गिरावट के साथ 17,222.75 पर बंद हुआ। वही शुक्रवार को भी सेंसेक्स 111.14 अंकों की गिरावट के साथ 57,484.54 पर खुला और 233.48 अंक की गिरावट के साथ 57,362.20 पर बंद हुआ। इसी प्रकार निफ्टी 44.10 अंक की गिरावट के साथ 17178 पर खुला और 69.75 अंक की गिरावट के साथ 17,153 पर बंद हुआ।

### इस वर्ष भारतीय बाजार में लांच होने की तैयारी में ये इलेक्ट्रिक कारें

**मुंबई** । भारतीय ऑटो इंडस्ट्री में आने वाले समय में एक से बढ़कर एक इलेक्ट्रिक कारें लांच होने वाली हैं। इसके बाद अगर आप भी नई इलेक्ट्रिक कार खरीदने के बारे में सोच रहे हैं, तब ये खबर आपके लिए ही है। महिंद्रा अपनी नई इलेक्ट्रिक कार महिंद्रा एटम को इस साल 2022 में लांच कर सकती है। इलेक्ट्रिक गाड़ी को साल 2020 में ऑटो एक्सपो में पेश किया गया था। महिंद्रा ने एटम को एक कमर्शियल प्रोडक्ट के रूप में लांच करने की योजना बनाई है। यह अनिवार्य रूप से एक क्वाड साइकिल है, जो ऑटो-रिक्शा के लिए एक बढ़िया विकल्प हो सकता है। 3-सीटर इलेक्ट्रिक कार में एसी और यूएसबी चार्जिंग जैसे बेसिक फीचर्स हैं। महिंद्रा का दावा है कि एटम की टॉप स्पीड 50 किमी/घंटा और चार्जिंग टाइम 5 घंटे है। एटम द्वारा पेश की जाने वाली रेंज एक बार चार्ज करने पर लगभग 120 किमी होगी। अनुमानित कीमतें लगभग 4 लाख रुपये एक्स-शोरूम है।

वहीं टाटा मोटर्स और कोयंबटूर स्थित जेयम ऑटोमोविटस ने नैनो ईवी के सह-विकास के लिए साझेदारी की है। इस कई बार पुणे के पास टेस्टिंग के दौरान देखा गया है। बेहतरीन इंटीरियर और सेफ्टी फीचर्स से लैस गाड़ी की टॉप स्पीड 85 किमी / घंटा हो सकती है। इसमें 17.7 किलोवाट प्रति घंटा ली-आयन बैटरी मिल सकता है, जो एक बार चार्ज करने पर 200 किमी की दूरी तय करेगी। लांच से पहले ही इस ईवी के लिए फेमा दूसरी स्कीम को मंजूरी दे दी गई है। किआ ने किआईवी 6 को पिछले साल विश्व स्तर पर पेश किया था। क्योंकि किआ शानदार फीचर के साथ काफी किफायती कीमत पर कार बेचने में माहिर है, उम्मीद है कि कंपनी इस इलेक्ट्रिक कार को बजट फैंडली कीमत पर लांच करेगी।

# जैकलीन फर्नांडीज ने बच्चन पांडे के लिए टाइटरोप वाकिंग में ली ट्रेनिंग!



जैकलीन फर्नांडीज जिन्होंने हाल ही में साजिद नाडियाडवाला की बच्चन पांडे के लिए जैसलमेर में शूटिंग पूरी कर ली है, उन्होंने फिल्म के लिए एक बहुत ही असामान्य आर्ट में ट्रेनिंग हासिल की है। जैकी ने टाइटरोप वाकिंग आर्ट सीखा है जिसे फुनंबुलिज्म भी कहा जाता है। यह एक पतली तार या रस्सी पर चलने की एक कला है जिसकी विभिन्न देशों में एक लंबी परंपरा है और इसे आमतौर पर स्थानीय लोगों द्वारा किया जाता है। जैकलिन लगभग 3 सप्ताह के लिए जैसलमेर में थी और उन्होंने लगभग एक सप्ताह के भीतर ही यह कला सीख ली थी। फ़िल्म के करीबी एक सूत्र ने बताया,यह सीखने के लिए एक कठिन कला है जहाँ रस्सी पर चलने के लिए शरीर का सही संतुलन होना जरूरी है जो जमीन से लगभग 8-10 फीट की ऊंचाई पर बंधा होता है। जैकलीन ने कला को आसानी से सीख लिया, कला को सीखने के उनके उत्साह ने उनके इस सफ़र को आसान बना दिया। सूत्र ने कहा बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर पहले पोल डांसिंग और एरियल योगा में भी खुद को प्रशिक्षित किया है, जिससे हमें लगता है कि उन्हें कला का संतुलन बनाने में मदद मिली है। उन्होंने कुछ अद्भुत शॉट दिए हैं और कला को इतने परफेक्शन से सीखते हुए हम सभी को स्तब्ध कर दिया है। यह 8वीं बार होगा जब जैकलीन और नाडियाडवाला एक साथ काम करेंगे और सिर्फ बच्चन पांडे ही नहीं, यह जोड़ी आगे किक 2 में भी एक साथ काम करेगी।नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित बच्चन पांडे 26 जनवरी 2022 में रिलीज़ की जाएगी।

## दीपिका पादुकोण हैं पति रणवीर सिंह की सुंदरता की मूरत

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपनी हर जानकारी अपने फैंस से शेयर करती हैं। वहीं अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट की, जिसपर उनके पति रणवीर ने अपनी पत्नी को सुंदरता की मूरत बताया। तस्वीर के साथ दीपिका ने लिखा, उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैं ईमानदारी, उद्देश्य और सहानुभूति का जीवन जीकर काफी खुश हूं। वहीं रणवीर अपनी पत्नी को फोटो पर कमेंट करने से खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने पहले लिखा, क्या बात है, बेबी। उसके बाद उन्होंने लिखा, सुंदरता की मूरत। रणवीर और दीपिका ने 2013 में रिलीज हुई फिल्म गोलियों की रासलीला की शूटिंग के दौरान डेटिंग शुरू की। दोनों ने 2018 में इटली के लेक कोमो में शादी की। यह जोड़ी 1983 में भारत की क्रिकेट विश्व कप जीत पर आधारित आगामी कबीर खान निर्देशित 83 में स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए दिखाई देंगी।




## अभिनय सीखना एक निरंतर यात्रा है:नताशा रस्तोगी

अभिनेत्री नताशा रस्तोगी, जिन्होंने हाल ही में डिजिटल रूप से प्रदर्शित फिल्म पगलैट में अभिनय किया था, उनका कहना है कि, अभिनय हमेशा सीखने की एक निरंतर यात्रा होती है। नताशा, जिन्होंने फिल्म में अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की मां की भूमिका को निभाया था, उन्होंने बताया, मेरे लिए अभिनय हमेशा वास्तविक जीवन के अनुभवों से बारीकियों को चुनने और उन्हें कैमरे पर दर्शाने के लिए सीखने की एक निरंतर यात्रा है। काम करो, चाहे वह रंगमंच हो या फिल्म, मेरे गुरुओं और मेरे द्वारा काम किए गए सभी शानदार निर्देशकों और लेखकों के साथ बिताया गया समय निश्चित रूप से मुझे एक बेहतर कलाकार के रूप में विकसित होने में मदद करता है। अभिनेत्री ने कहा कि, हर बार जब वह एक नई परियोजना शुरू करती हैं, तो वह इसे एक खाली कैनवास के रूप में देखती हैं, जो उन्हें फिर से कुछ नया करने का मौका देती है। उन्होंने बताया, अगर मैं अपनी हाल की परियोजनाओं के बारे में बात करूं तो पगलैट ने मुझे एक बहुत ही बारीक किरदार निभाने का मौका दिया, जिसे आसानी से गलत भी समझा जा सकता था, लेकिन मैंने इसे अपनी बेटी की भलाई और कठोर नीतिकाल के मानदंडों के बीच फंसी महिला के रूप में देखने की कोशिश की नताशा ने कहा, इसी तरह, मेड इन हेवन में मेरा किरदार भी दिलचस्प रहा है।

# अजय देवगन की फिल्म भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया की रिलीज डेट हुई कंफर्म



बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म राधे द मोस्ट वांटेड भाई 13 मई को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आने को तैयार हो चुकी है। फिल्म का ट्रेलर कल रिलीज किया जा चुका है। राधे द मोस्ट वांटेड भाई ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली अब तक की सबसे बड़ी फिल्म है। इस फिल्म के रिलीज होने के बाद और डिजिटल प्लेटफार्म पर हर बड़ी फिल्में रिलीज होने लगेंगी। सुपरस्टार अजय देवगन की फिल्म भुज द प्राइड ऑफ इंडिया भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर ही रिलीज होने वाली है। इस बात की घोषणा तो काफी समय पहले ही हो चुकी थी। लेकिन इस फिल्म की रिलीज डेट फाइनल नहीं हुई थी। इससे पहले आपको यह बता दें भुज प्राइड ऑफ इंडिया सच्ची घटना पर आधारित बॉलीवुड के एक बेहतरीन फिल्म है। जिसमें अजय देवगन संजय दत्त शरद केलकर सोनाक्षी सिन्हा और नोरा फतेही जैसे मशहूर कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं फिल्म का निर्देशन अभिषेक द्वितीय ने किया है। इस फिल्म की शूटिंग काफी समय पहले ही कंप्लीट करने गई थी। और इस फिल्म पर सारा काम भी पूरा किया जा चुका था। लेकिन फिल्म के रिलीज डेट की घोषणा नहीं हो रही थी। लेकिन बता दे अब यह फाइनल हो चुका है कि इस फिल्म को इसी साल 15 अगस्त को डिजिटल प्लेटफॉर्म डिजनी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। खबरों की माने तो कहा जा रहा है कि मेकर्स को फिल्म के लिए यह सबसे बेहतर समय लगा।



## प्रदूषण का ग्राफ

आईक्यू एयर की वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट-2021 रिपोर्ट में शामिल दुनिया के 100 सबसे प्रदूषित शहरों में 63 शहर भारत के हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि राजधानी दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानियों में है। रिपोर्ट में दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में भारत पांचवें स्थान पर है। इस रिपोर्ट के आंकड़े सिर्फ अकेले भारत के लिए ही चिंता का विषय नहीं हैं बल्कि इसमें बताया गया है कि पूरी दुनिया में वायु की गुणवत्ता बहुत खराब होती जा रही है। रिपोर्ट का दावा है कि दुनिया भर में अलग-अलग देशों से लिए गए कुल 117 देशों के नमूनों में से सिर्फ तीन जगहों की हवा के नमूने में ही विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्वच्छता संबंधी मानकों पर खरे उतरे हैं। दरअसल बढ़ता वायु प्रदूषण पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन की एक प्रमुख वजह भी है। यहीं नहीं हर साल दुनियाभर में लाखों लोग खतरनाक रूप से वायु प्रदूषण की वजह से अकाल मौत के मुंह में समा जाते हैं। भारत जैसे विकासशील देश के लिए बढ़ता वायु प्रदूषण एक बहुत ही गंभीर चिंता का विषय है। यह चिंता इसलिए भी बढ़ जाती है कि साल 2019 में वायु प्रदूषण की वजह से भारत में 16.7 लाख लोगों की मौतें हुई। सरकार की संस्था इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च की रिपोर्ट बताती है कि वायु प्रदूषण से वर्ष 1990 से 2019 की अवधि में देश में हवा में मौजूद प्रदूषण की वजह से होने वाली मौतों में 115 फीसद का इजाफा हुआ है। दरअसल चिकित्सा विज्ञान के विशेषज्ञ मानते हैं कि सिर्फ अकेला वायु प्रदूषण ही हमारे फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों के 40 फीसदी मामलों के लिए जिम्मेदार होता है। यही नहीं शोधकर्ताओं का मत है कि स्ट्रोक, डायबिटीज, हार्ट अटैक और समय से पहले पैदा होने वाले बच्चों की मौत के लिए वायु प्रदूषण 60 फीसदी तक जिम्मेदार होता है। एक मीडिया रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2006 से 2015 के बीच देश में श्वास संबंधी गंभीर बीमारियों के करीबन 2.6 करोड़ मामले सामने आए थे जिनमें से अधिकांश के लिए सीधे तौर पर बढ़ता वायु प्रदूषण एक प्रमुख कारक था। वायु प्रदूषण के बारे में लगातार शोध संस्थानों की चेतावनियां हमें सचेत करती हैं। भारत समेत दुनिया के अनेक प्रतिष्ठित रिसर्च इंस्टीट्यूट इस दिशा में शोध कर रहे हैं। विज्ञान एवं पर्यावरण क्षेत्र में क्षेत्रों में एक प्रतिष्ठित संस्थान सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट ने 2013 में ग्लोबल बर्डन डिजीज नामक एक रिपोर्ट जारी की जिसमें बताया गया कि देश में हर साल वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारियों के कारण लाखों असामयिक मौतें होती हैं। रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि यह मौतें दरअसल हवा में बढ़ते पार्टिकुलेट प्रदूषण के कारण होती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2010 के बाद हवा में पार्टिकुलेट प्रदूषण लगभग छह गुना तक बढ़ गया। आईक्यू एयर की यह हालिया रिपोर्ट बताती है कि देश की राजधानी दिल्ली लगातार दूसरे वर्ष दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। दिल्ली में पिछले वर्ष की तुलना में प्रदूषण लगभग 15 फीसदी बढ़ गया है। रिपोर्ट में दावा कहा गया है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर डब्ल्यूएचओ की सुरक्षा सीमा से लगभग 20 गुना अधिक है। जिसमें वार्षिक औसत प्रदूषण का स्तर 96. 4 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्व के 20 सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में से 10 भारत के हैं। इस तरह अगर हम देखते हैं वायु प्रदूषण अकेला ही हमें कोविड-19 से भी कम नहीं दिखाई देता। चिंता की सबसे बड़ी वजह इसका हमारे बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर है। छोटे शहरों और कस्बों की हवा भी लगातार प्रदूषित होती जा रही है।

# होली के रंग व भंग में रंगे राजनीतिक दलों के नेता जी

**खबरी लाल**

वैश्विक महामारी कोरोना संकट अभी पूर्ण विराम तो नही लगा है लेकिन कोरोना के लगातार घटते केश के कारण आम आदमी इन दिनों थोडी राहत की साँसे ली।मौसम भी बंसत का है।चारो ओर रंग के लोहार होली की चर्चा है। श्याद रंगो के त् इस योहार में आम नागरिकों के साथ भारतीय राजनीतिज्ञ के मानस पटल की क्षितिज पर एक नवोदित मान करिश्माई व्यक्तित्व के रूप अरविन्द केजरीवाल की चर्चा हर जगह-हर जुबान पे हो रही है। अभी पाँच राज्यों के विधान सभा के चुनावी परिणाम भाजपा के चौका लगाया वही पंजाब में आम आदमी पार्टी की आशातीत सफलता मिलने के खुशी अभी फीकी नही हुई है।राज्यो में बिजयी राजनीति पार्टी राज्य में अपनी सरकार बनाने के लिए सम्पर्क ,संवाद ,सहयोग,बैठक का दौर चल रहा है।मुख्य मंत्री के चेहरे पर चर्चा मंत्री मण्डल के लिए राजनीति पंडितो के द्वारा अंकगणित ,ज्योतिष,जाति समीकरण आदि तत्वों पर चिन्तन मनन मे व्यस्त है।हालांकि 16 मार्च को पंजाब के नव निर्वाचित मुख्य मंत्री के रूप भगवत मान के द्वारा अपने समर्थकों की उपस्थित में शहीद भगत सिंह के पैतृक पिण्ड (गाँव) खडंककला में बंसती रंग सपथ ले लिया है।

विगत15 मार्च की सुहानी शाम में मुझे दिल्ली विधान सभा के परिसर में कुछ पल बिताने का अवसर मिला ।मौका था एक व्यवसायिक संगठन होली मंगल मिलन का है। मंच पर विराजमान में थे दिल्ली विधान सभा अध्यक्ष --- राम निवास गोयल थे ।चुँकि होली मिलन का कार्यक्रम था।सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रावधान था ,होली के अवसर कार्यक्रम हो और चुटकले % हास्य परिहास ना हो ऐसा हो ही नही सकता है।इस मौके पर माननीय विधान सभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल जी विगत दिनो पाँच राज्यो के विधान सभा चुनाव पर चुटकी लेते हुए कहा कि मोदी जी - केजरीवाल पर एक चुटकले बिलकूल ही मजाकिया अंदाज में कहा कि -मोदी जी ने केजरीवाल को पंजाब विधान सभा मे चुनाव में बिजयी होने पर आप को बधाई हो

केजरी वाल पीछे कहाँ रहने वाले थे।उन्होने तुरन्त जबाब देते हुए कहा कि -धन्यवाद सर !

आप को चार राज्यो में विधान सभा के चुनाव में विजय पाने के लिए बहुत बहुत बधाई सर। मोदी जी ने - केजरीवाल को धन्यवाद कहा और पूछा कि

केजरी वाल जी आप कैसे है ,सब ठीक ठाक है।

केजरीवाल जी मौके का फायदें उठाते हुए कहा कि - सर मै ठीक हूँ दिल्ली भी ठीक है ।

सर जी एक बात करनी थी ।

मोदी जी - जी-बोले क्या कहना है आपको ।

केजरीवाल -सर एम सी डी का कार्यकाल समाप्त होने वाला है। चुनाव करवा देते।

मोदी -जी क्यू नही, अच्छा मै चुनाव आयोग को बोल देता हुँ - 10 मार्च को चुनाव आयोग प्रेस कॉन्फ्रेंस में करेगा ।

मंच पर आसीन व दर्शको की हँसी का डाका लगने लगा %

होली है बुरा ना मानो होली है।

अभी अभी पाँच राज्यो में विधान सभा के चुनाव सम्पन्न हआ है। चार राज्यो में भाजपा व पंजाब में आप की विजय शंखनाद की गुंज से राजनीतिज्ञ के कान खडे हो गये है।आम जनता के साथ राजनेता ओ को अपना उज्जवल भविष्य भी आम आदमी की पार्टी में दिखने लगी है।रंगो के त्योहार होली में हुडदंग के बीच भंग की उमंग ना हो ऐसा हो ही नही सकता है।होली के रंग व भंग से भारतीय राजनीति व राजनेता अछुते कैसे रह सकते है होली के मस्तानों की एक टोली से हुडदंग व भंग के उमंग में अपनी पिचकारी एक खबर उड़ते उड़ते आई कि पंजाव में भगवत मान के मुख्य मंत्री का उम्मीदवार विजयी घोषित होने पर पार्टी के आशातीत सफलता मिलने से पड़ोसी राज्य हरियाणा में राजनीतिक के जानकारों व पंडितो के मध्य दवी जुवान से हरियाणा राज्य के राजनीतिक दल के नेताओ की कुण्डली में ग्रहो की स्थिति पर चिन्तन व चर्चा होने लगी है।ऐसे में हरियाणा के एक कदावर नेता अपने तथा अपने पुत्र की राजनीति भविष्य को लेकर राजनीति समीकरण साधने का मन बना लिया है । ऐसा माना जाता है कि पंजाब की राजनीति से हरियाणा में काफी प्रभावित होती है।दोनो राज्यो व केन्द्र शासित प्रदेश चण्डीगढ की राजधानी चण्डीगढ़ में है।ऐसे में पंजाब के विधान सभा चुनाव में मिली आम आदमी पार्टी की विशाल जीत के बाद उठापटक शुरू हो गई है।पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद हरियाणा के बड़े-बड़े नेताओं के ईमान हिचकोले खाने लगे हैं।

आम आदमी पार्टी के हरियाणा में बड़ी सियासी ताकत बनने की संभावना को भांपकर हरियाणा के पूर्व मंत्री बलबीर सैनी (पेहवा)ने बीजेपी को छोड़कर, पूर्व मंत्री बिजेंद्र बिल्लू(पानीपत ग्रामीण)कांग्रेस को छोड़कर,पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल (गुरुग्राम)बीजेपी को छोड़कर और पूर्व विधायक रविंद्र मच्छरौली (समालखा)ने बीजेपी को छोड़कर आप पार्टी में शामिल हुए हैं। बताया जा रहा है कि तीन दर्जन से अधिक नेता ने आम आदमी पार्टी में शामिल होने के लिए अपना जुगाड़ तंत्र सक्रिय कर दिया है।इन हालातों को देखते हुए कहा जा सकता है कि हरियाणा की सियासत में बड़े बदलाव की ओर बढ़ रही है।

अपुष्ट जानकारी के अनुसार राज्य के एक कदावर नेता अपने पुत्र मोह में 13 मार्च की रात्रि में केजरीवाल के निवास पर पहुंचे थे। नेता जी अपने पुत्र को मुख्यमंत्री बनाने और 30 सीटों पर उम्मीदवार लड़ाने की पर वो स्वयं अपने समथर्क के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल होने के लिए निमंत्रण ले कर आया था। इस बैठक में संजय सिंह भी मौजूद थे।हरियाणा के प्रभारी सुशील गुप्ता से नेता जी का छत्तीस का आंकड़ा है, जिसकी वजह से नेता जी ने उन्हें बाईपास करके सीधे केजरीवाल से मुलाकात की है। नेता जी के द्वारा लाये गए इस निमंत्रण को केजरीवाल के द्वारा सिरे से खारिज कर दिया।केजरीवाल ने कहा कि पार्टी में शामिल होने पर स्वागत है, लेकिन पार्टी को नेता जी का कोई शर्त मान्य नहीं होगी। हरियाणा के सी एम चेहरा % टिकटों का निर्धारण व उम्मीदवार वर्तमान परिस्थिति व समय के हिसाब से तय होंगे।नेता जी को यह अच्छी तरह पता है कि पिता-पुत्र को अलग पार्टी बनाने से ज्यादा आसान रास्ता आम आदमी पार्टी में शामिल होना आसान होगा।अब हरियाणा के हरियाली व गॉव के चौपालों में चर्चा होने लगा है कि क्या नेता जी , अर्थात पिता-पुत्र कॉग्रेस को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल होना स्वीकार करेंगे या फिर कांग्रेस के खात्मे का इतंजार पार्टी के भीतर रहकर ही करेंगे या फिर कांग्रेस के भीतर रहकर सुनहरे भविष्य की उम्मीद लगाए बैठे रहेंगे।

खैर हरियाणा में विधान सभा चुनाव में काफी वक्त है।हरियाणा की जनता देश की जनता को इसके पहले इसी वर्ष 73 सीटों के राज्य सभा के चुनाव /महामहिम राष्ट्रपति के चुनाव वर्ष के अंत में प्रधान मंत्री के गृह राज्य गुजरात व हिमाचल प्रदेश में विधान सभा चुनाव होने वाली है। अभी सिर्फ हम अनुमान ही लगा सकते है। असली तस्वीर तो अतीत के गर्व में छिपा है।हम और आप को इंतजार करना चाहिए,फिलहाल प्रेम व भाई चारे का होली के त्योहार में खुसियों के रंगो व गुलाल के गुजिया की मिठास वांटे इसी साथ होली की शुभ कामनाएं के साथ यह कहते हुए विदा लेते है कि-ना ही काहू से दोस्ती,ना ही काहू से बैर॥खबरी लाल तो मांगे सबकी खैर।

## हर जीव में व्याप्त नारायण

वैदिक साहित्य से हम जानते हैं कि परम-पुरुष नारायण प्रत्येक जीव के बाहर तथा भीतर निवास करने वाले है। वे भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों जगतों में विद्यमान हैं। यद्यपि वे बहुत दूर हैं, फिर भी हमारे निकट हैं-आसीनो दूरं व्रजति शयानो याति सर्वतरू हम भौतिक इन्द्रियों से न तो उन्हें देख पाते हैं, न समझ पाते हैं अतएव वैदिक भाषा में कहा गया है कि उन्हें समझने में हमारा भौतिक मन तथा इन्द्रियां असमर्थ हैं। किन्तु जिसने, भक्ति में कृष्णभावनामृत का अभ्यास करते हुए, अपने मन-इन्द्रियों को शुद्ध कर लिया है, वह उन्हें निरन्तर देख सकता है। ब्रम्ह्संहिता के अनुसार परमेर के लिए जिस भक्त में प्रेम उपज चुका है, वह निरन्तर उनके दर्शन कर सकता है। और भगवद्गीता में कहा गया है कि उन्हें केवल भक्ति द्वारा देखा-समझा जा सकता है। भगवान सबके हृदय में परमात्मा रूप में स्थित हैं। तो क्या इसका अर्थ यह हुआ कि वे बंटे हुए हैं? नहीं। वास्तव में वे एक हैं। जैसे सूर्य मध्याह्न समय अपने स्थान पर रहता है, लेकिन यदि कोई पांच हजार मील की दूरी पर घूमे और पूछे कि सूर्य कहां है, तो सभी कहेंगे कि वह उसके सिर पर चमक रहा है। इस उदाहरण का अर्थ है कि यद्यपि भगवान अविभाजित हैं, लेकिन इस प्रकार स्थित हैं मानो विभाजित होंवैदिक साहित्य में यह भी कहा गया है कि अपनी सर्वशक्तिमत्ता द्वारा एक विष्णु सर्वत्र विद्यमान हैं। जिस तरह एक सूर्य की प्रतीति अनेक स्थानों में होती है। यद्यपि परमेर प्रत्येक जीव के पालनकर्ता हैं, किन्तु प्रलय के समय सबका भक्षण भी कर जाते हैं। सृष्टि रची जाती है, तो वे सबको मूल स्थिति से विकसित करते हैं और प्रलय के समय सबको निगल जाते हैं। वैदिक शास्त्र पुष्टि करते हैं कि वे समस्त जीवों के मूल तथा आश्रय-स्थल हैं।

## रंगमंच में प्रेम का राग है, तो जुदाई का दर्द भी!

**सोनम लववंशी**
**(27 मार्च रंगमंच दिवस)**

रंगमंच को अभिनय कला का नशा माना जाता है। जिसने भी इस दुनिया में कदम रखा, रंगमंच उसकी रूह में उतर गया। फिर वह चाहकर भी रंगमंच की दीवानगी से खुद को जुदा नहीं कर सकता। दरअसल, रंगमंच इश्क का एक ऐसा दरिया है जिसकी गहराइयों में जिंदगी बसती है। वास्तव में यह जीवन का वो रंग है, जिसमें अभिनय की बारीकियां समाई होती है। यही कारण है कि लोगों का इससे कभी जुड़ाव कम नहीं हुआ। राज कपूर और शशि कपूर हिंदी फिल्मों के बड़े अभिनेता थे, पर उनकी जान %पृथ्वी थिएटर% में बसती थी। इसलिए कि रंगमच ही वो माध्यम है, जहाँ अभिनय को तराशने का मौका मिलता है। हर साल 27 मार्च को दुनियाभर में %रंगमंच दिवस% मनाया जाता है और इसकी शुरुआत 1961 में अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान ने की थी। इसका मकसद रंगमंच प्रेमियों को जोड़कर रखना है। लेकिन, आधुनिकता की चकाचौंध ने रंगमंच की चमक को थोड़ा फीका जरूर कर दिया। पहले फिल्म, फिर टेलीविजन और अब ओटीटी के दौर में रंगमंच की ख़नखनाहट थोड़ी कम हो गई। लेकिन, मराठी, बंगाली, इंग्लिश और गुजराती समेत कई भाषाओं में रंगमंच के दीवानों की कमी नहीं है। हिंदी में जरूर रंगमंच पनप नहीं पाया, पर इसनेओम पुरी, नसीरुद्दीन शाह, नाना पाटेकर और स्मिता पाटिल जैसे कुछ सितारे जरूर दिए, जिनका अभिनय करियर बेमिसाल रहा। प्रसिद्ध रूसी-अमेरिकी नाट्यकर्मी माइकल चेखव ने रंगमंच को एक %जीवंत कला% कहा था। यह समाज की सच्चाई को सहजता से रूबरू कराता है और यह दर्शकों को जोड़कर रखता है।



रंगमंच जीवन का ऐसा किस्सा है, जो समाज की दकियानूसी परम्पराओं पर भी सवाल खड़े करता है। इसलिए कहा जा सकता है कि रंगमंच जीवन को दिशा भी देता है। ये समाज की बुराइयों से रूबरू कराता है, तभी तो इसे दिल का सुकून देने वाला माध्यम भी कहा गया। इसमें प्रेम का राग है, तो जुदाई का दर्द भी। रंगमंच जिंदगी की हर अच्छी बुरी घटना का जीवंत रूप भी है। यह समाज के अंदर घटने वाली बातों को दर्शकों के माध्यम से जनता तक पहुँचाने की कड़ी है। आज भले ही मनोरंजन के साधनों की भरमार हो गई हो। इंटरनेट की स्पीड ने मनोरंजन को 2-जी से बाहर निकालकर 4जी और 5जी की गति दे दी, फिर भी इसे चाहने वाले दर्शकों से इसे दूर नहीं कर सके। आज ज्यादातर वही कलाकार सफल है, जो रंगमंच की दुनिया से होते हुए फिल्म, टीवी और ओटीटी प्लेटफॉर्म तक पहुंचे हैं। उनकी अदाकारी में एक अलग ही जीवंतता देखने को मिलती है। वरना टीवी को तो %बुद्ध बक्से% की संज्ञा दी ही गई है। जबकि, रंगमंच को जीवन का राग कहा गया। ओम पूरी ने एक बार कहा था कि रंगमंच पर गलती के लिए कोई जगह नहीं है। जो किया वही अंतिम सत्य है। फिल्म और टीवी पर तो टेक पर टेक हो जाते हैं, पर रंगमंच इस सबकी इजाजत नहीं देता। वहां आपका समीक्षक दर्शक होता है, जो सब देखता और समझता है। इसलिए अभिनय का सबसे कठिन माध्यम कोई है तो वो रंगमंच है।

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृति है और रंगमंच इसी संस्कृति की देन है। नाट्यकला के विकास का श्रेय भी भारत को ही जाता है। ऋग्वेद के सूत्रों में यम और यामी, पुरुरवा और उर्वशी के संवाद मौजूद है। भारत में सदियों पहले ही भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र की रचना की थी और कहा था कि नाट्यशास्त्र हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है, तभी तो इसे पंचमवेद तक की संज्ञा दी गई। पुरातन काल में हमारी संस्कृति और हमारी आस्था को भी नाटक के रूप में मंचन करके प्रस्तुत किया जाता था। जिससे लोगों की आस्था तक रंगमंच में जुड़ी होती थी। रामायण व महाभारत का आज भी मंचन सुदूर-क्षेत्रों में देखा जा सकता है। आधुनिक भारत की बात करें, तो भारतेंदु हरिश्चंद्र ने रंगमंच में प्रयोग का दौर शुरू किया, उन्हें तो हिंदी रंगमंच का पितामह कहा जाता है। आज भी उनके नाटकों का मंचन किया जाता है। भारतेंदु ने अंधेर नगरी चौपट राजा, नील देवी, भारत-दुर्दशा जैसे नाटकों का लेखन किया। लेकिन, कहते हैं न कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और बदलती तकनीक ने हर क्षेत्र में अपना प्रभाव डाला। कहा भी गया कि जो समाज जितना प्रगतिशील होगा वह उतना ही विकसित होगा।

# राजनीतिक चक्रव्यूह में फंसे इमरान खान

**सुरेश हिन्दुस्थानी**

क्रिकेटर से राजनीति में पदार्पण करने वाले इमरान खान अभी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री हैं, लेकिन इमरान खान अपना कार्यकाल पूरा कर पाएंगे, इस बात की उम्मीद बहुत कम ही दिखाई दे रही है। इसका कारण यही है कि वे राजनीति के ऐसे चक्रव्यूह में इस प्रकार से घिरते हुए दिखाई दे रहे हैं, जहां से निकलने का कोई भी मार्ग दिखाई नहीं दे रहा है। या यह कहा जाए कि उनके निकलने के सारे मार्ग बंद हो चुके हैं तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। क्योंकि पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी के कुछ सांसदों के अलावा दो बड़े राजनीतिक दल इमरान खान के विरोध में पहले से ज्यादा मुखर हो चुके हैं। इस जबरदस्त विरोध के चलते अब पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान की कुर्सी खतरे में आ गई है। संभावना इस बात की भी बनने लगी है कि इमरान खान या तो स्वयं ही कुर्सी से उतर जाएंगे या फिर जबरदस्ती उतार दिए जाएंगे। ऐसी स्थिति में इमरान खान की स्थिति एक तरफ कुआ तो दूसरी तरफ खाई वाली होती जा रही है।

पाकिस्तान के बारे में यह स्पष्ट मान्यता है कि वहां सरकार के अलावा सेना और आईएसआई शक्तिशाली संस्थान हैं। इसलिए किसी भी सरकार द्वारा इन दोनों की कतई उपेक्षा नहीं की जा सकती। समझा जाता है कि इमरान खान सेना और आईएसआई के समर्थन के चलते ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बन सके थे। अब इमरान खान का इन दोनों से छत्तीस का आंकड़ा है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से यही कहा जा रहा है



कि अब पाकिस्तान की राजनीतिक स्थितियां इमरान खान के अनुकूल नहीं हैं। वैसे भी यह पाकिस्तान का इतिहास रहा है कि अब तक कोई भी प्रधानमंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया है। इमरान खान के समक्ष ऐसी स्थितियां निर्मित हुई हैं कि ऐसा लगता है कि वे भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएंगे।

इमरान खान के पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को पनामा प्रकरण में दोषी करार देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने अयोग्य घोषित कर दिया था और इसके बाद नवाज शरीफ को इस्तीफा देना पड़ा था। 97 में दोबारा प्रधानमंत्री बने और 99 तक प्रधानमंत्री रहे। 2013 में तीसरी बार नवाज शरीफ ने पाकिस्तान में प्रधानमंत्री का पदभार संभाला, लेकिन 2017 में उनकी कुर्सी चली गई। इस बीच 1999 में पाकिस्तान में एक बार फिर सैनिक शासन लागू हो गया और तीन साल तक सत्ता सेना प्रमुख परवेज मुशर्रफ के हाथों में रही। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने और कार्यकाल पूरा होने से पहले ही पद से च्युत होने का मामला केवल नवाज शरीफ तक ही सीमित नहीं है। इसके पूर्व भी पाकिस्तान ने ऐसी हालातों का सामना किया है। लियाकत अली खान पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री थे। मुस्लिम लीग के लियाकत अली खान की अक्टूबर 1951 में गोली मारकर हत्या कर दी जाती है। उनकी हत्या के बाद ख्वाजा नाजीमुद्दीन ने सत्ता संभाली। बमुश्किल दो साल ही इस कुर्सी पर थे, तब तक गवर्नर जनरल ने उन्हें पद से हटा दिया। उनके बाद मोहम्मद अली बोगला ने सत्ता का संचालन किया, परंतु वह भी कुछ ही महीनों के ही मेहमान रहे।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के समक्ष एक और बड़ी परेशानी यह भी है कि वर्तमान में पाकिस्तान बहुत बड़े आर्थिक संकट से गुजर रहा है। जिसके लिए पाकिस्तान की जनता सीधे तौर पर प्रधानमंत्री इमरान खान को जिम्मेदार मान रही है। कोरोना संक्रमण के समय उत्पन्न हुई स्थितियों के चलते जिस प्रकार से महंगाई बढ़ी थी, उसके कारण सरकार पर संकट के बादल पहले से ही मंडरा रहे थे, लेकिन अब यह बादल और ज्यादा घने होते जा रहे हैं। जिसमें इमरान खान पूरी तरह से विलुप्त होते दिखाई दे रहे हैं। वर्तमान राजनीतिक अस्थिरता के दौर में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के समक्ष उत्पन्न हुई स्थितियां उनके राजनीतिक जीवन की सबसे कठिन परीक्षा मानी जा रही है। इसमें सबसे प्रमुख बात यही है कि इमरान खान और सेना प्रमुख के बीच पैदा हुई खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है।

### सूडोकु नवताल- 6022

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6021 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## वांग यी की यात्रा का असली अर्थ

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

चीनी विदेश मंत्री वांग यी की यह भारत-यात्रा बड़ी रहस्यमय है। इसका अर्थ निकालना आसान नहीं है। वे हमारे विदेश मंत्री जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित दोभाल से मिल चुके हैं। वे भारत अपनी मर्जी से आए हैं। उनको बुलावा नहीं दिया गया था। उन्होंने अपनी भारत-यात्रा की घोषणा भी नहीं की थी। वे इसी तरह काबुल भी पहुंच गए थे। काबुल में तालिबान के विदेश मंत्री और अफसरों से तो उनकी बात हुई ही, रूसी प्रतिनिधि काबुलोव से भी उनकी गिटपिट हुई। अब वे श्रीलंका भी जाएंगे। ऐसा लगता है कि इस वक्त चीन अपनी छवि सुधारने में लगा हुआ है। कोरोना महामारी सारे संसार में फैलाने का जो दोष उसके माथे मढ़ा गया है, वह उसकी सफाई में जुटा हुआ है और अपनी महाशक्ति की छवि को चमकाने के लिए कृतसंकल्प है। वांग यी भारत इसलिए नहीं आए हैं कि भारत-चीन सीमांत विवाद शांत हो जाए। यदि वे इसलिए आए होते तो उस मुद्दे पर कोई ठोस प्रस्ताव लेकर आते लेकिन दोभाल और जयशंकर से हुई उनकी बातचीत से लगता है कि उनके भारत आने का खास उद्देश्य यही है कि 'ब्रिक्स' की अगली बैठक का कहीं हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहिष्कार नहीं कर दें। यदि मोदी ने बहिष्कार कर दिया तो चीन की नाक कट सकती है। इसीलिए जब जयशंकर और दोभाल ने सीमा का मुद्दा उठाया और कहा कि उसे हल किए बिना दोनों देशों के संबंध सहज नहीं हो सकते तो वांग ने कह दिया कि वे सहमत हैं और वे इस मुद्दे पर संवाद जारी रखेंगे। उन्होंने दोभाल को चीन आने का निमंत्रण भी दे दिया। यूक्रेन के मुद्दे पर चीन पूरी तरह से अमेरिका के विरोध में है लेकिन भारत की तरह वह तटस्थता का दिखावा भी कर रहा है। ऐसा लगता है कि अब रूस और चीन का एक गुट तथा अमेरिका, नाटो, आकुस और क्वाड का दूसरा गुट बनने जा रहा है। लेकिन भारत को काफी सावधान रहना है। उसे अमेरिका की फिसलपट्टी पर झेलेंस्की की तरह फिसल नहीं जाना है। उसे अपने पांव पर खड़े रहना है। इसीलिए दोनों विदेश मंत्रियों ने युद्ध को रोकने और राष्ट्रीय संप्रभुताओं की रक्षा की बात को दोहराया। वांग यी ने इस्लामाबाद में कश्मीर पर जो कुछ कहा, उस पर भी आपत्ति की गई लेकिन वांग ने कहा कि दुनिया की ज्यादातर समस्याओं पर भारत और चीन का नजरिया एक-जैसा है। यदि वे मिलकर परस्पर सहयोग करें तो दोनों देशों के लिए यह बहुत लाभदायक होगा। चीनी राष्ट्रपति शी चिन फिंग और वांग यी जो कह रहे हैं।

# ब्राइट कैरियर एकेडमी में हुआ 3 सैकड़ा से अधिक वृद्ध जनों का सम्मान





**अम्बाह।** अंचल के अग्रणी समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य ने शनिवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर परमार्थ सेवा के तहत तीन सैकड़ा से अधिक वृद्धजनों का सम्मान, साधु संतों और जरूरतमंदों को भोजन प्रसादी भंडारा करा कर एक नई पहल की शुरुआत की। दिन भर चले कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः पूजा पाठ से हुआ तत्पश्चात मातृशक्ति द्वारा सुधीर आचार्य को आशीर्वाद प्रदान किया गया। दोपहर की बेला में ब्राइट कैरियर एकेडमी में आयोजित वृद्धजन सम्मान समारोह में तीन सैकड़ा से अधिक वृद्धजन एकत्रित हुए जिनकी गुलाबों की पंखुड़ियां वर्षा कर भव्य आगवानी की गई। सभी बुजुर्गों का रोली चंदन लगाकर और पुष्प भेंट कर अभिनंदन किया गया। इसके बाद डॉक्टर सुधीर आचार्य, डॉ प्रगति शर्मा, लक्ष्य शर्मा, डॉ सुशील शर्मा आदि ने मिलकर सभी बुजुर्गों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनेक बुजुर्ग माताओं और दादाओ ने भी आचार्य को तिलक कर आशीर्वाद प्रदान किया और उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर उपस्थित सेवानिवृत्त प्राध्यापक रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि समूचे अंचल मैं सेवा की अलख जगाने का कार्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी नवाचार का कार्य सुधीर आचार्य के द्वारा किया जा रहा है। विदित हो कि डॉ सुधीर आचार्य द्वारा अंचल के बुजुर्गों का सम्मान कर उनसे आशीर्वाद लेना एक अनूठी पहल है। दिनभर चले कार्यक्रमों को संयोजित करने में अजय जैन, विश्वनाथ गुर्जर अरविंद मावई, बालकृष्ण शर्मा, दुष्यंत तोमर, बिंदुसार सिंह तोमर, अंकित मिश्रा, मनोज पंडित, महेंद्र सखवार, नरेश परमार, गोपाल दीक्षित का विशेष सहयोग रहा।

### 100 वर्ष से अधिक आयु की दादी अम्मा ने किया नृत्य

सुधीर आचार्य द्वारा सम्मानित होने पर कार्यक्रम में शामिल होने आए सबसे अधिक आयु वर्ग की दादी अम्मा ने आचार्य का हाथ पकड़कर खूब नृत्य किया और भरपूर आशीर्वाद दिया।

### कई बुजुर्गों को गोद में उठाकर कुर्सियों पर बिठाया

शारीरिक रूप से चलने-फिरने में अस्वस्थ बुजुर्ग भी इस सम्मान समारोह में पहुंचे, जिन्हें गेट से लेकर और आयोजन हॉल तक गोद में उठाकर सुधीर आचार्य ले गए और उन्हें सम्मानित तरीके से कुर्सियों पर बिठाया।

### चटकारे लेकर खाते रहे पकौड़ी और हलवा

सम्मान के समय स्वल्पाहार में बुजुर्गों को हलवा और गरम-गरम पकौड़ी खिलाई गई, जिन्हें वह स्वाद लेकर खाते रहे। इसके अलावा दोपहर बाद जयश्वर रोड स्थित मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर संत महात्माओं और जरूरतमंदों के लिए भोजन प्रसादी भंडारे का आयोजन आचार्य मित्र मंडल द्वारा किया गया।

## कृषि उपजों के भंडारण पर परिचर्चा में शामिल होने आज आएंगे केंद्रीय कृषि मंत्री

**अम्बाह।** रबी के मौसम की गेहूं और दूसरी फसलों की कटाई-मड़ाई का काम ज्यादातर किसानों ने खत्म कर लिया है। अब सबसे महत्वपूर्ण काम अनाज भंडारण का होता है। अनाज के सुरक्षित भंडारण के लिए वैज्ञानिक विधि अपनाने की जरूरत होती है, जिससे अनाज को लंबे समय तक चूहे, कीटों, नमी, फफूंद आदि से सुरक्षित रखा जा सके। भण्डारण की सही जानकारी न होने से 10 से 15 फीसदी तक अनाज नमी, दीमक, घुन, बैक्टीरिया द्वारा नष्ट हो जाता है। भण्डारण में होने वाली इस क्षति को रोकने के लिए किसान सुझावों को ध्यान में रखकर अनाज को भण्डारित कर सकते हैं। इसी विषय पर किसानों को जागरूक करने के लिए कृषि उपज मंडी परिसर में कृषि उपज के वैज्ञानिक भंडारण विषय पर आज रविवार दोपहर 11 बजे परिचर्चा का आयोजन किया गया है इस पर चर्चा में जिले के सांसद एवं केंद्रीय किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर शामिल होने के लिए अम्बाह आएंगे। इसके साथ ही राजेंद्र सिंह राजपूत पूर्व विधायक बुधनी पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन भोपाल, गिर्राज दंडोतिया अध्यक्ष ऊर्जा विकास निगम भोपाल, कमलेश जाटव विधायक अंबाह, शिवमंगल सिंह तोमर पूर्व विधायक दिमनी, योगेश पाल गुप्ता जिला अध्यक्ष भाजपा मुरैना एवं देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा युवा मोर्चा भी इस आयोजन में मौजूद रहेंगे। वेयरहाउस के मैनेजर होशियार सिंह तोमर ने किसानों से चर्चा में शामिल होकर लाभ उठाने की अपील की है।



## 3 साल से चल रहा जमीन का विवाद सूझबूझ से सुलझा

**मुरैना।** 3 साल पहले पीएम आवास कॉलोनी मिढ़ैला रोड़ पर जमीन के टुकड़े पर इस बात को लेकर विवाद हो गया कि यह जमीन सरकारी है या निजी। खेत मालिक ने इसके ऊपर आपत्ति दर्ज करा रखी थी। बुधवार को एसडीएम अम्बाह राजीव समाधिया की पहल पर नगर पालिका सीएमओ रामनिवास शर्मा ने खेत मालिक को समझाईश दी, तो उसने स्वेच्छा से कहा कि गरीबों के लिये आवास बनें, मेरे लिये इससे अच्छी बात और कोई नहीं हो सकती। उल्लेखनीय है कि कि इस जमीन पर जिन 7 गरीबों को आवास बनाने की स्वीकृति दी गई थी, उनके खातो में एक-एक लख रूपये की राशि पहले ही शासन द्वारा भेजी जा चुकी थी।

# आरोपी के भांजे से शादी नहीं की तो लड़की के मंगेतर की कर दी हत्या, कोर्ट ने सुनाया आजीवन करावास

### हत्या के बाद बंदूक भी लूट ले गया था आरोपी, अंबाह न्यायालय ने सुनाया फैसला




**अंबाह।** लड़की की शादी पिता ने दूसरी जगह तय कर दी तो आरोापित इस कदर गुस्से में आ गया कि रात में लड़की के मंगेतर की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी और उसकी बंदूक को लूट ले गया। 12 साल पुराने इस मामले में शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश द्वितीय जिला सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार सिंह की अदालत ने हत्या के दोषी को आजीवन कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थद दंड की सजा सुनाई है। वहीं इस मामले में तीन अन्य आरोपितों को बरी किया है। शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक गणेश सिंह तोमर ने की। अभियोजन के मुताबिक खटका गांव के हवलदार सिंह गुर्जर ने अपनी लड़की कृष्णा का संबंध महूरी गांव के रहने वाले ब्रजेश गुर्जर से तय किया था। जिसका हरदयाल का पुरा थाना नगरा का रहने वाला मुन्ना सिंह गुर्जर विरोध कर रहा था। दरअसल मुन्ना सिंह चाहता था कि हवलदार सिंह अपनी बेटी की शादी उसके भांजे के साथ कर दे। लेकिन हलवदार सिंह ने ऐसा न करते हुए अपनी बेटी कृष्णा की शादी ब्रजेश के साथ तय कर दी। इसी बात की मुन्ना सिंह हवलदार सिंह से रंजिश मान बैठा। उधर कृष्णा को कोई जबरन उठाकर नहीं ले जाए इसी वजह से मंगेतर ब्रजेश सुरक्षा की दृष्टि से लडकी के पिता हवलदार सिंह के यहां ही आकर रहने लगा। इसी बीच गत 26 सितंबर 2008 की रात हवलदार सिंह की छत पर ब्रजेश सो रहा था। तभी रात 12 बजे मुन्ना सिंह गुर्जर फरसा एवं विशंभर गुर्जर कुल्हाडी तथा उदय सिंह व नाथू सिंह लाठी लिए छत पर चढ आए। इसी दौरान आरोपित मुन्ना सिंह ने ब्रजेश से जबरन लाइसेंसी बंदूक लूटकर बृजेश के फरसा मारा जो ब्रजेश की गर्दन में लगा, जिससे ब्रजेश मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में नगरा पुलिस ने विवेचना बाद चालान न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में साक्षियों का परीक्षण कराया गया। जिसमें आरोपित विशम्बर सिंह गुर्जर, उदय सिंह व नाथू सिंह के प्रति साक्षी पक्ष द्रोही हो गए। इस लिए विशंभर, उदय सिंह, नाथू सिंह को बरी कर दिया। वहीं आरोपित मुन्ना सिंह गुर्जर को सबूतों के आधार हत्या, लूट व डकैती की धाराओं में दोषी करार दिया गया। जिस पर न्यायालय ने मुन्ना सिंह को आाजीवन कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थ दंड से दंडित किया।

## महिला मोर्चा को मजबूत बनाने के लिए मंडलों में नई कार्यकर्ता जोड़ें: डंडौतिया

### महिला मोर्चा की बैठक में नए मंडल अध्यक्षों के मनोनयन पर मंथन



**मुरैना।** महिला मोर्चा को मजबूत बनाने के लिए जिले की महिला पदाधिकारी मंडलों में पहुंचकर नई कार्यकर्ताओं को जोड़ें। खासकर जो मंडल में अध्यक्ष पद के लिए दावेदार हैं, उनके कंधों पर इसकी जिम्मेदारी अधिक है। यह बात भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रीना डंडौतिया ने शुक्रवार को जिलास्तरीय बैठक में कही। खुद के निवास पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि पोरसा, अंबाह, जौरा, कैलारस, सबलगढ, सुमावली में जब संगठन मजबूत होगा, तभी इसकी धमक जिला मुख्यालय तक दिखेगी। संगठन की महिलाओं की जिम्मेदारी है कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए जो योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनका लाभ महिलाओं तक पहुंचे। जो महिलाएं योजनाओं के लाभ से वंचित है, उनकी मदद करना भी महिला मोर्चा की पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। बैठक में मीना भदौरिया, क्षमा कौशिक, उपाध्यक्ष पार्वती राठौर, मंत्री गुड्डी राठौर, उपाध्यक्ष राधा सिकरवार, मंत्री मीना गुर्जर, मीडिया प्रभारी तृप्ति कुलश्रेष्ठ, रीना शर्मा, रेनू शर्मा, बिट्टी खटीक, साधना जादौन सहित अनेक महिला पदाधिकारी मौजूद थीं। बैठक के अंत में सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दी।



## बिजली के तार डालने पर विवाद, परिवार में झगड़ा, दो घायल



**मुरैना।** सराय छोला थाना क्षेत्र के ग्राम गोशपुर में शनिवार की सुबह बिजली का तार डालने को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में लाठी-डंडे चले गए, जिसमें दोनों पक्ष के 1-1 महिला पुरुष घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों की ओर से क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिवेणी पत्नी रामचरण परमार एवं उसी के परिवार की रामा पत्नी बीरबल परमार के बीच बिजली का तार डालने को लेकर विवाद हो गया तथा दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे पर लाठियां लेकर टूट पड़े। दोनों ओर से हुई इस मारपीट में त्रिवेणी एवं रामा घायल हो गए। पुलिस ने त्रिवेणी की रिपोर्ट पर से संजू, बीरबल, रामा, सपना एवं रामा की रिपोर्ट पर से अमित, साधना, सुमन, त्रिवेणी आदि के विरुद्ध मारपीट एवं धमकी दिए जाने का मामला दर्ज किया गया है।

इस मामले में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला महामंत्री मुकेश सिंह परमार ने बताया कि थाना सराय छोला पुलिस द्वारा आरोपियों का सहयोग कर श्रीमती त्रिवेणी के परिवार पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि राम चरण सिंह परमार के खेत पर उन्हीं के परिवारजनों रमेश, बीरबल, संजीव परमार द्वारा जबरदस्ती भवन निर्माण कर अवैध कब्जा किया जा रहा था, जिसका फरियादी द्वारा श्रीमान न्यायालय में आवेदन पेश किया गया था। जिस पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुरैना द्वारा यथास्थिति रखने का आदेश दिया। फरियादी रामचरण बीमारी से पीड़ित होकर बिस्तर पर हैं एवं उनका बेटा इंदौर में रहता है। परिवार में कोई आदमी ना होने के कारण आरोपियों द्वारा स्थगन आदेश होने के बाद भी जबरदस्ती फिर से भवन निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

# मुझे मत सिखाओ, मैं सीमांकन का कीड़ा हूं: निगम कमिश्नर

### नाला नंबर 1 पर सड़क निर्माण में अड़चन पैदा कर रहे बीआर गार्डन संचालक को दी हिदायत



**मुरैना।** शनिवार की सुबह नाला नंबर 1 पर निगम कमिश्नर संजीव जैन सख्त मूड में दिखाई दिए और उन्होंने सफाई पेश कर रहे बीआर गार्डन के मालिक को खुले शब्दों में चेतावनी दी तथा बार-बार सीमांकन की बात पर कहा कि मैं सीमांकन का कीड़ा हूं, मुझे मत सिखाओ। कई बार अल्टीमेटम देने के बाद भी तुमने अतिक्रमण नहीं हटाया, अगर मैंने सीमांकन करा दिया तो बहुत नुकसान होगा। निगम कमिश्नर संजीव जैन नाला नंबर 1 पर दोनों ओर बनने वाले नाले का मुआयना किया तथा कुछ जगह कमी देखने पर ठेकेदार मुनेश सिकरवार को भी भी हिदायत दे डाली। श्री जैन बीआर गार्डन के कॉर्नर पर खड़े थे, जहां गार्डन मालिक द्वारा टीन शेड लगाकर अतिक्रमण किया हुआ था। काफी इंतजार के बाद गार्डन का मालिक जगदीश वर्मा वहां आया और बार-बार सीमांकन करा लेने की बात करने लगा, जिस पर श्री जैन ने कहा कि कहां है सीमांकन का कागज और बार-बार क्या सीमांकन की बात कर रहे हो। 15 दिन पहले आपको कहा गया था की स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटा लें, लेकिन आप अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। रही सीमांकन की बात तो 5 मिनट में सीमांकन करा दूंगा और फिर ज्यादा नुकसान हो जाएगा। यह सड़क मेरे लिए नहीं बन रही है, आप लोगों के लिए ही बन रही है। कमिश्नर की चेतावनी के बाद गार्डन मालिक ने अतिक्रमण हटाने की स्वीकृति दे दी, जिसके बाद निगम प्रशासन ने रोड में बाधक बन रहे गार्डन के अतिक्रमण को हटा दिया।

# मप्र हीरोज के युवाओं ने 93 रन पर किया मप्र स्टार्स के दिग्गजों को ऑलआउट





**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश दिव्यांग क्रिकेट एशोसिएशन एवं निशक्तजन खेल एवं कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित की जा रही मप्र दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन मप्र हीरोज के युवाओं ने 14.2 ओवर में ही मप्र स्टार्स के दिग्गज खिलाडियों को 93 रन पर ऑलआउट कर दिया और 72 रनों के बडे अंतर से जीत दर्ज की। वहीं दूसरे मैच में मप्र लीजेन्ड की टीम ने मप्र यंगस्टर्स के खिलाडियों को पटकनी दी।

प्रतियोगिता के आयोजन सचिव संजय सिंह तोमर ने जानकारी दते हुए बताया कि महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज के हरेभरे क्रिकेट मैदान पर निशक्तजन खेल एवं कल्याण समिति ग्वालियर को दिव्यांग क्रिकेट का संचालन व सेवा करते हुए 20 वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही मप्र दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन पहला मैच मध्यप्रदेश हीरोज एवं मध्य प्रदेश स्टार्ट के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए मध्य प्रदेश हीरोज की टीम ने 9 विकेट खोकर 165 रन का स्कोर खड़ा किया जिसमें आकाश यादव ने 53 बॉल में 83 रन अतुल गोस्वामी ने 18 रन एवं प्रतीक द्विवेदी ने 17 रन बनाए. वहीं एमपी स्टाफ की ओर से मनीष खटीक ने 3 विकेट एवं सचिन सिसोदिया एवं राजेश गुर्जर ने दो-दो विकेट लिए। वही जवाबी पारी में एमपी स्टार की टीम 14.2 ओवर में 93 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जिसमें सर्वाधिक स्कोर नीरज टाक ने 21 रन एवं सचिन सिसोदिया ने 13 रन बनाए वही एमपी रोड की तरफ से अब्दुल शहजाद ने 5 उदय पाल ने दो एवं विजय यादव व मोहित मेहरा ने एक-एक विकेट चटकाए। इस प्रकार एमपी हीरोज की टीम ने 72 रन से अपना मैच जीत लिया। दूसरे मैच में मप्र लीजेन्ड की टीम ने 19 ओवर में 10 विकेट खोकर 134 रन बनाए। वहीं यंगस्टर्स की टीम 129 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

### प्रतियोगता का समापन व पुरुस्कार वितरण आज

महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज के हरेभरे क्रिकेट मैदान पर निशक्तजन खेल एवं कल्याण समिति ग्वालियर को दिव्यांग क्रिकेट का संचालन व सेवा करते हुए 20 वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही मप्र दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन कल दिनांक 27 मार्च 2022 को सांय 5 बजे एमएलबी कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष श्री देवेन्द्र सिंह तोमर उपस्थित रहेगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव श्री मितेन्द्र दर्शन सिंह करेगें। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में ट्रोपीलाइट फूल प्रा लिमिटेड के एमडी श्री पुनीत डाबर, एचआर हैड श्री अतुल कक्कड एवं श्री आलोक उपाध्याय उपस्थित रहेगें।

## लिधौरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, अवैध शराब की बिक्री कर रहे जिला बदर के आरोपी को किया गिरफ्तार




**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पाजंली टुडे**

**टीकमगढ़।** शनिवार को लिधौरा पुलिस द्वारा देहात क्षेत्र भ्रमण करते हुए ग्राम खरों महेवा तरफ रवाना हुआ था जो भ्रमण दौरान ग्राम जरुआ तिगेला पर मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ग्राम खरों का जिला बदर आरोपी मनोज राय जिसे डीएम ने जिला बदल किया गया है जो ग्राम खरों में पंचायत भवन के पास अवैध देशी शराब के क्वाटर बिक्री कर रहा है। जो सूचना की मुखबिर के बताए स्थान ग्राम खरों पंचायत भवन के पास पहुंचा तो जिला बदर आरोपी मनोज राय निवासी ग्राम खरों प्लास्टिक का बोरा रखे मिला जो पुलिस को आता देख बोरा उठाकर भागने का प्रयास किया जिसे स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा नाम पता पूछा तो अपना नाम मनोज पिता पूरनलाल राय उम्र 52 साल नि 0 ग्राम खरों का होना बताया जिसके कब्जे से प्लास्टिक का बोरा चैक किया तो उसमें देशी शराब मदिरा के कुल 200 क्वाटर मात्रा 36 लीटर कीमती करीबन 14 हजार के रखे मिला जो उक्त शराब रखने व बैचने के संबंध में लायसेंस होना चाहा गया जो न होना बताया जो आरोपी उक्त का कृत्य धारा 34 (क) आव.एक्ट के दंडनीय पाए जाने से आरोपी के कब्जे से उक्त अवैध शराब क्वाटर मय बोरा के समक्ष गवाहान एनआरएस बलवान यादव व मनीष पिता काशीराम जोगी उम्र 40 साल नि. लुधियात मुहल्ला थाना लिधौरा के विधिवत मुताबिक जब्ती पत्रक के 11 बजे जब्त कर कब्जे पुलिस लिए गए तथा आरोपी को कलैक्टर के आदेश क्र. प्र. क्र./ 06 / आरडीएम / जि.ब. / 2021 दिनांक 28/10/2021 के अंतर्गत एक वर्ष की अवधि के लिये जिला बदर आदेश प्रसारित किया गया था। जिसका विधिवत पालन कराया गया अनावेदक को सूचित किया गया। जिला टीकमगढ की सीमाओं के वाहर रहने का पावद किया गया था।

## श्रीमद भागवत कथा में भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया




**हरिओम चतुर्वेदी पुष्पांजली टुडे**

**दिनारा** = दिनारा कस्बे के चिरली में स्थित हनुमान मंदिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आखरी दिन की कथा में ज्योति शास्त्री ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए ज्योति शास्त्री ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र (सखा) से सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है।अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया और सुदामा को अपने महल में ले गए ओर उनका अभिनंदन किया। इस दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए। उन्होंने सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा की इसके बाद गांव के लोगों द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर यज्ञ पारीछत श्रीमती बर्षा अरविंद गुप्ता यज्ञ कर्ता पंडित दीनदयाल शर्मा आशीष गेंडा राजा भैया परिहार सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## विधायक कमलेश जाटव एवं मंडल अध्यक्ष ने गिनाई शिवराज सरकार की 2 साल की उपलब्धियां

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**पोरसा ।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के चौथे कार्यकाल के दो साल पूर्ण होने पर पोरसा विधायक कार्यालय पर पत्रकार बार्ता का आयोजन किया गया पत्रकार वार्ता में विधायक कमलेश जाटव ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली



भाजपा सरकार जब सत्ता में आई थी यह सरकार प्रदेश को बचाने के लिए बनी है इस सरकार ने न सिर्फ प्रदेश को संकटकाल से उबारा कोरोना जैसे संकट का सफलतापूर्वक मुकाबला भी किया हमारे कार्यकर्ताओं ने कोरोना वायरस जैसी वैश्विक महामारी के समय अपने स्वास्थ्य की चिंता न करते हुए जनता को दबाए एवं भोजन व अन्य जरूरी चीजें सामग्री उपलब्ध कराई शिवराज सरकार दलित, किसान ,एवं गरीबों की सरकार है शिवराज सरकार ने कोरोनाकॉल में पूर्ण रूप से बिजली बिल माफ किए जिनके 1 किलो वाट के बिल हैं उन उपभोक्ताओ को अब बिल नहीं भरने पड़ेंगे और जिन उपभोक्ताओं ने बिल भर भी दिए हैं तो उनके आगे बिलों को समायोजित कर दिया जाएगा प्रदेश में सड़कों के जाल बिछाए गए विद्युत उत्पादन बढ़ाया गया व्यापारियों की आय एवं किसानों की आय को लेकर कार्य किए गए स्वच्छता अभियान चलाया गया स्वर्णिम मध्य प्रदेश एवं आत्मनिर्भर भारत के लिए कार्य किए गए माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की गई प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से विधायक कमलेश जाटव राम कुमार गुप्ता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पोरसा महामंत्री संदीप उपाध्याय योगेश शर्मा व सभी गणमान्य पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## भार्गव समाज ने मनाया होली मिलन समारोह






**महेंद्र शर्मा रिपोर्टर, ग्वालियर संभाग**

**ग्वालियर।** श्री भृगु ब्राह्मण समाज मुरार इकाई का फाग उत्सव व होली मिलन समारोह भगवान परशुराम मंदिर , घासमंडी पर आयोजित किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत में भजनों की प्रस्तुति दी गई । तत्पश्चात एक - दूसरे को चंदन का तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं । इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने सामाजिक एकता को बल देते हुए संदेश दिया कि जो भी अच्छा कार्य करे उसका सहयोग किया जाए । इस अवसर पर नर्मदा शंकर भार्गव प्रदेश अध्यक्ष भार्गव समाज ( म.प्र . ), अध्यक्ष श्री राजेश शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष, यतेन्द्र तिवारी जी , श्री रामेश्वर दयाल जी , बाबूलालजोशी जी महामंत्री- संदीप शर्मा , कोषाध्यक्ष श्री अनूप दुबे , शतिषरजी गौतम, हरीप्रकाश दुबे , केशव मिश्राजी, महिला अध्यक्ष श्रीमती रानु दुबे केडी सोनकिया, रामकिशन ठेकेड़ार, नंदकिशोर शर्मा मुरार अध्यक्ष राजेश शर्मा , यतेंद्र तिवारी , रमाशंकर मिश्रा , शांतिशरण गौतम , केडी सोनकिया , रेनू दुबे , सुनील भार्गव , नन्दकिशोर शर्मा , रामकिशन ठेकेदार , नरेश कटारे , संदीप शर्मा , अनूप दुबे , वासुदेव शर्मा , महेश शर्मा , ज्योति शर्मा , भावना दुबे , देवेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे ।

# सेवानिवृत्त प्रभारी प्रधानाध्यापक को दी भावभीनी विदाई

### स्मृति चिन्ह भेंट कर की उज्जवल भविष्य की कामना



**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-** शासकीय प्राथमिक विद्यालय खरई भाट खौरघार विकासखंड शिवपुरी के प्रभारी प्रधानाध्यापक आसाराम नामदेव की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन गत दिवस होटल सनराइज शिवपुरी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम मैं मुख्य अतिथि के रूप में शिवपुरी विकासखंड के शिक्षा अधिकारी मनोज निगम, विशिष्ट अतिथि के रुप में बीआरसीसी अंगद सिंह तोमर, विशेष आमंत्रित अतिथियों में व्याख्याता अशोक गुप्ता एवं बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक आसाराम नामदेव ने की। बीईओ मनोज निगम ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवानिवृत्त आशाराम नामदेव का 38 वर्षों का शैक्षणिक कार्यकाल बच्चों के सर्वांगीण विकास में सराहनीय रहा। बीआरसीसी अंगद सिंह तोमर ने कहा कि सेवानिवृत्ति शासकीय सेवा का अहम हिस्सा होता है क्योंकि जिस दिन शासकीय सेवा में जॉइनिंग होती है उसी दिन सेवानिवृत्ति की तारीख अंकित कर दी जाती है। अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के शिवपुरी ब्लॉक अध्यक्ष व प्रवक्ता महावीर मुदगल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक का पद एक गरिमामय पद है। शिक्षक ही है जिसने इतिहास से लेकर वर्तमान तक महान हस्तियां देश को दी है। वह जीवन भर छात्रों को अपने ज्ञान व अनुभव से सिंचित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

इस अवसर पर अतिथियों ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बीईओ मनोज निगम, बीआरसीसी अंगद सिंह तोमर, व्याख्याता अशोक गुप्ता, पूर्व जन शिक्षा केंद्र प्रभारी एवं प्राचार्य दिनेश वार्ष्णेय, प्रधानाध्यापक राम कुशल सिंह, जन शिक्षक कुलदीप भार्गव, गणेश गुप्ता, आनंद कुमार बंसल, कार्यक्रम संयोजक रामगोपाल वर्मा एवं महेश चौरसिया, दिनेश गुप्ता, कैलाश नारायण शर्मा, हरि बल्लभ गुप्ता,वीरेंद्र श्रीवास्तव, रशीद कुरेशी, जमुना प्रसाद श्रीवास्तव, संजय शर्मा,लच्छीराम जाटव, राम कुमार नामदेव, लक्ष्मण जाटव, सुनील जाटव, नयनतारा गोस्वामी, कलावती भगत, मनीषा शाक्य, ममता सगर, सरिता शाक्य, साधना अरोरा, रमा मौर्य, रूआ खान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन महावीर मुदगल ने एवं श्रीमती नयनतारा गोस्वामी ने अंत में आभार व्यक्त किया।

## जिला उद्योग बंधु की बैठक 28 मार्च को

**एटा।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक 28 मार्च को कलक्ट्रेट सभागार में आहुत की जायेगी। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र ने अवगत कराया है कि माह मार्च की जिला उद्योग बंधु की बैठक 28 मार्च को अपरांह 4 बजे से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी।

## मेले में नौटंकी के दौरान हुआ झगड़ा जमकर चली लाठी डंडे और हुई फायरिंग

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजलि टुडे**

**एटा ।** जनपद के थाना मारहरा क्षेत्र के अंतर्गत गांव भुरगवां में लगे मेले में चल रही नौटंकी के दौरान किसी बात को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ा कि गाली गलौज के बाद मारपीट हुई और बाद में गोलीबारी भी हो गई। आपको बता दें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांव भुरगवां में मेले का आयोजन किया गया है देर रात मेले में नौटंकी प्रोग्राम चल रहा था तभी किसी बात को लेकर दो पक्षों में वाद विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि गाली गलौज के बाद मारपीट होने लगी और धीरे-धीरे वहां नवत गोलीबारी तक आ गई। आपको बता दें मेले में हुई कहासुनी का विवाद धीरे-धीरे जातीय संघर्ष में बदल गया। वहीं कुछ चश्मदीद लोगों का कहना है कि सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन खड़ी खड़ी देखती रही और वहां दोनों पक्षों में जमकर फायरिंग होती रही। वहीं इस मामले में एक महिला का कहना है कि कुछ लोगों द्वारा उसके घर में घुसकर मारपीट की गई और पत्थर फेंके गए। इस झगड़े में एक बुजुर्ग सहित दो लोग घायल हुए हैं। वहीं मौके पर पहुंचे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी स्थिति को नियंत्रित करने में लगे हुए हैं।

## प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में शहरी क्षेत्र के श्रमिकों को मिलेगी वृद्धावस्था पेंशन

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि शहरी क्षेत्रों के असंगठित श्रमिकों को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का लाभ दिया जायेगा। योजना में पंजीयन का कार्य शुरू कर दिया गया है। सिंह ने कहा है कि आजादी के अमृत महोत्सव में सभी पात्र श्रमिकों का पंजीयन अभियान चलाकर किया जाये। इस योजना में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सकेगा। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का लाभ स्ट्रीट वेन्डर, मिड-डे-मील वर्कर, बोझा ढोने वाले, ईट भठ्ठा मजदूर, मोची, कूड़ा बीनने वाले, घरेलू कामगार, धोबी, रिक्शा चालक, भूमिहीन मजदूर, कृषि श्रमिक, निर्माण श्रमिक, बीड़ी श्रमिक, हथकरघा श्रमिक, चमड़ा श्रमिक, दृश्य-श्रव्य बाधित श्रमिक, दैनिक वेतन भोगी, सफाई कर्मचारी, ऑउटसोर्स संस्था द्वारा नियोजित कर्मचारी/सफाई कर्मचारी या इसी तरह के अन्य व्यवसाय में काम करने वाले श्रमिकों को दिया जा सकता है। प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास मनीष सिंह द्वारा सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों को कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं।

### ट्रांसजेण्डर को पहचान पत्र जारी किये जाएंगे

**भोपाल।** सभी ट्रांसजेण्डर व्यक्तियों को पहचान पत्र जारी किये जाने और शासन की हितग्राही मूलक योजना में सम्मिलित किये जाने की शासन की मंशा अनुरूप उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण अधिनियम 2019 के अध्याय तीन की धारा 4, 5, 6 एवं धारा 7 में उभयलिंगी व्यक्तियों का पहचान प्रमाण पत्र एवं पहचान पत्र जारी करने की प्रक्रिया प्रावधानित है। क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट को अधिनियम की धारा 6 व 7 में पहचान प्रमाण पत्र, पहचान पत्र जारी करने के लिये अधिकृत हैं।, एवं भारत सरकार के नेशनल पोर्टल MAnsgender dunge posiamen से जारी किया जाना है। इस संबंध में सामारजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण विभाग द्वारा आदेश जारी किये गये है।

### सार्वजनिक स्थलों/सम्पत्तियों को विरुपित करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी

**भोपाल।** शहर के सार्वजनिक स्थलों/सम्पत्तियों पर पोस्टर, बैनर, पम्पलेट आदि लगाकर सम्पत्ति विरूपण व गंदगी फैलाने वाली संस्थाओं/व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही निरंतर की जा रही है। निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी के शनिवार को निरीक्षण के दौरान जोन क्रमांक 18 के अंतर्गत वार्ड 80 वार्ड कार्यालय के सामने अमित क्लासेस के एडवरटाइजिंग पम्पलेट लगाते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को तत्काल पम्पलेट चिपकाने से रूकवाया गया और उसके पम्पलेट आदि जप्त कराए गए तथा अमित क्लासेस पर अनेकों सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने और सम्पत्ति विरूपण करने पर चालानी कार्यवाही करवाते हुए 07 हजार रूपये का जुर्माना कराया गया इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 82 में अरिहंत किडनी एवं मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर पम्पलेट सहित प्रचार-प्रसार सामग्री लगाकर सम्पत्ति विरूपण करने तथा गंदगी फैलाने पर चालानी कार्यवाही करते हुए 05 हजार रूपये का जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी द्वारा शहर के सार्वजनिक स्थलों/सम्पत्तियों पर पोस्टर, बैनर, पम्पलेट आदि लगाकर सम्पत्ति विरूपण व गंदगी फैलाने वाली संस्थाओं/व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

## मुख्यमंत्री ने 2 लाख 40 हजार विद्यार्थियों के खातों में 331 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति सिंगल क्लिक से की अंतरित

# जिनमें टेलेंट है, वे अर्थाभाव में पढ़ाई से नहीं रहेंगे वंचित: चौहान

### विद्यार्थियों ने कहा - राज्य सरकार की सहायता ने किए हमारे सपने साकार



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जिन विद्यार्थियों में टेलेंट है, जो पढ़ाई में अच्छे हैं और प्रतिभा सम्पन्न हैं, वे पैसे की कमी के कारण पढ़ाई से वंचित नहीं रहेंगे। राज्य सरकार ने ऐसे बच्चों को पढ़ाई के हर स्तर पर मदद करने के लिए विभिन्न योजनाएँ बनाई हैं। संबल योजना भी इसी उद्देश्य से बनाई गई है, जिससे हमारे गरीब परिवारों के प्रतिभाशाली बच्चे भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपना सपना साकार कर सकें। मुख्यमंत्री चौहान दो लाख 40 हजार विद्यार्थियों के खातों में 331 करोड़ रुपए की पिछड़ा वर्ग पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति सिंगल क्लिक से अंतरित करने के बाद विद्यार्थियों से वर्चुअली संवाद कर रहे थे। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री राम खेलावन पटेल, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, प्रमुख सचिव अशोक वर्णवाल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री चौहान ने मण्डला, सीहोर, उज्जैन, देवास और सीधी के विद्यार्थियों से वर्चुअली संवाद किया। मुख्यमंत्री चौहान ने विद्यार्थियों को होली और रंगपंचमी की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भविष्य के प्रति सकारात्मक रहना और अपने लक्ष्य के प्रति उत्साह से प्रयास करने से ही सफलता प्राप्त होती है। यह वास्तविकता है कि किसानों की आय इतनी अधिक नहीं होती कि वे पढ़ाई-लिखाई पर अधिक खर्च कर सकें। मजदूर परिवारों से आए बच्चों के सम्मुख भी यह समस्या है। आप मेहनत करें, लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें, राज्य सरकार आपका साथ देगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि इस वर्ष 703 करोड़ रुपये स्कॉलरशिप के रूप में दिये जायेंगे। कोरोना काल में व्यवस्था प्रभावित हुई थी, लेकिन अब विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त होगी।


पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग प्रतिवर्ष लगभग छह लाख से अधिक विद्यार्थियों को पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति का वितरण करता है। यह छात्रवृत्ति, स्नातक, स्नातकोत्तर तथा तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को दी जाती है। छात्रवृत्ति विद्यार्थियों के एकल बैंक खातों में जारी की जाती है। जिन विद्यार्थियों के माता-पिता और अभिभावकों की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 3 लाख रूपये से कम है, वे छात्रवृत्ति के लिए पात्र हैं। साथ ही लगभग 32 लाख से अधिक बच्चों को प्री-मेट्रिक छात्रवृत्ति का वितरण स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से किया जाता है।

### सरकार की सहायता से कोई कर रहा पीएचडी, कोई एमबीए

मुख्यमंत्री चौहान से वर्चुअल संवाद में पीएचडी कर व्याख्याता बनने की इच्छुक एम.ए. अर्थशास्त्र की सीधी जिले की छात्रा सुश्री सोनिका यादव ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं के परिणाम स्वरूप ही हम यहाँ तक पढ़ाई कर पाए हैं। सीहोर जिले के बुधनी में लकड़ी के खिलौने बनाने वाले सुजान विश्वकर्मा के पुत्र शुभम विश्वकर्मा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) कोलकाता से एमबीए कर रहे हैं। राज्य शासन द्वारा उनकी 11 लाख 54 हजार 500 रूपए की फीस का भुगतान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री से संवाद में शुभम के पिता सुजान विश्वकर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की सहायता के बिना शुभम का यह सपना साकार नहीं हो पाता।मुख्यमंत्री चौहान को मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कर रहे देवास के अभिषेक विश्वकर्मा ने बताया कि उनके पिता मजदूर हैं। राज्य शासन से प्राप्त छात्रवृत्ति के भरोसे ही उनकी बी.ई करने की योजना है। उज्जैन की सुश्री पल्लवी बैरागी बी.एस.सी. सांख्यिकी की छात्रा हैं। वे यूपीएससी की परीक्षा देकर आईएएस बनना चाहती हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने सुश्री पल्लवी से कहा कि जो लक्ष्य तय कर समर्पित भाव से मेहनत करते हैं, उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। मंडला जिले के किसान परिवार की सुश्री अंजलि यादव नर्सिंग का कोर्स कर रही हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने सुश्री अंजलि को इस सेवाभाव के कार्य में जाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा बड़ा संकल्प है। खूब सेवा करें और यशस्वी हों।

## मेरी लोकसभा क्षेत्र में आयुष रिसर्च एवं विकास केंद्र की स्थापना होःसांसद डॉ केपी यादव

### आयुर्वेद को प्रोत्साहन देने संसद में रखी मांग



**मोनू नामदेव पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी।** गुना-शिवपुरी-अशोक नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ केपी यादव ने लोकसभा सत्र के दौरान आयुर्वेद के महत्व पर जोर देते हुए एक आयुष अनुसन्धान एवं विकास केंद्र खोलने की मांग रखी.सांसद डॉ केपी यादव ने कहा कि,मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला गुना को भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल किया गया है और यहाँ स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव है.मध्य प्रदेश एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है और हमारा वन क्षेत्रफल 77,493 वर्गकिमी है. जहाँ पर विभिन्न प्रकार की आयुष औषधियां जैसे अश्वगंधा और गिलोय की पैदावार होती है.मेरे लोक सभा क्षेत्र में स्थानीय लोग जिनमे आदिवासी समुदाय भी शामिल है अनेक वर्षों से इन औषधियों का प्रयोग विविध बीमारियों के उपचार मे परंपरागत तरीके से करते आ रहे है और इस क्षेत्र मे विकसित ज्ञान प्रणालियाँ हैं जिनके प्रयोग से कई रोगों की रोकथाम, निवारण और इलाज किया जाता रहा है.इनकी गुणवत्ता एवं उपलब्धता देखते हुए मेरा सरकार से विनम्र निवेदन है की मेरे लोक सभा क्षेत्र मे आयुर्वेदिक तथा वनस्पति की उपलब्धता होने के कारण आयुष मंत्रालय के माध्यम से इन वनस्पतियों के संरक्षण हेतु एक रिसर्च एवं विकास केंद्र स्थापित किया जाए,जिससे इन औषधियों की मेन्युफेक्चरिंग को बढ़ावा मिले एवं इनका व्यापक इस्तेमाल हो सके तथा रोज़गार के अवसर प्राप्त हो। पूरे विश्व में आयुर्वेद की मांग को देखते हुए,हम इन औषधियों को निर्यात करके देश की अर्थव्यवस्था और आत्म निर्भर भारत के संकल्प को मज़बूती दे सकेंगे।



### भिण्ड एसपी ने किया थाना दबोह का निरीक्षण

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**-भिण्ड पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह ने शनिवार को लहार अनुभाग के थाना दबोह का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने थाने के पेंडिंग अपराधी रिकॉर्ड देखे व क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की भी बात कही।साथ ही एसपी शैलेन्द्र सिंह ने दबोह के नवनिर्मित थाने का भी अवलोकन किया एवम मौके पर मौजूद थाना प्रभारी प्रमोद साहू से उन्होंने थाने के पीछे साफ सफाई कराने की भी बात कही।एसपी ने थाना निरीक्षण के दौरान एसपी शैलेन्द्र सिंह ने पत्रकारों से भी चर्चा कर उनका हाल चाल जाना व क्षेत्र के बारे में भी जानकारी ली।

## दक्षिण भारत की लिपियां और देवनागरी पर ई-संगोष्ठी संपन्न



**पुष्पाजली टुडे**

**बेलगांव** -नागरी लिपि परिषद नई दिल्ली तथा कर्नाटक राज्य प्रौढ शाला हिंदी शिक्षक संघ के तत्वावधान में दक्षिण भारत की लिपियां और देवनागरी इस विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ इसपाक अली, पूर्व प्राचार्य लाल बहादुर शास्त्री शिक्षा महाविद्यालय बेंगलुरु ने की, और उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि दक्षिण भारत की जो भाषाएं हैं कन्नड़, तमिल, तेलुगू और मलयालम ये सभी भाषाएं अत्यंत शास्त्रीय एवं प्राचीन हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागरी लिपि परिषद के महामंत्री डॉ हरिसिंह पाल ने अपने प्रास्ताविक वक्तव्य में कहा कि नागरी लिपि को प्राचीन इतिहास है और इसकी वैज्ञानिकता को ध्यान में रखते हुए विनोबा भावे ने नागरी लिपि परिषद की स्थापना की।मुख्य वक्ता हरिभाई देवकरण महाविद्यालय सोलापुर महाराष्ट्र के हिंदी प्रवक्ता डॉ धन्यकुमार बिराजदार अपने मुख्य वक्तव्य में कहा कि देवनागरी लिपि एक अत्यंत वैज्ञानिक लिपि है एवं भारत की ही नहीं बल्कि सभी संसार की भाषाओं के लिए यह अत्यंत उपयुक्त लिपि है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागरी लिपि परिषद के कार्याध्यक्ष डॉ शहाबुद्दीन शेख ने अपने वक्तव्य में कहा कि देवनागरी लिपि भारत की अत्यंत पुरातन एवं प्रभावशाली वैज्ञानिक लिपि है। भारत की सभी भाषाएं इस लिपि में लिखी जा सकती है। डी. एम. राठोड़ ने अपने वक्तव्य में कर्नाटक में हिंदी की स्थिति गति के बारे में बताते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति हिंदी के स्थानमान के बारे में चर्चा की।प्रा. मनीषा नाडगौड की सुमधुर प्रार्थना गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के संयोजक डॉ सुनील कुमार परीट जी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। डॉ वसुधा कामत जी ने सुचारू रूप से कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ मलकप्पा अलियास महेश जी ने सभी अतिथियों का एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### भारतीय युवा कांग्रेस में राष्ट्रीय समन्वयको की नियुक्ति

**जितेंद्र सिंह ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे राजस्थान**

भारतीय युवा कांग्रेस मे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास जी एवं राष्ट्रीय चेयरमेन विकाश यादव के द्वारा राष्ट्रीय समन्वयकों की नियुक्ति की गयी जिसमें राजस्थान में से 6 लोगों को मिली बड़ी ज़िम्मेदारी साथ ही सवाई माधोपुर के युवाकोंग्रेस के प्रदेश सचिव आशीष बैरवा ने भी राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनायी साथ ही अतुल मीना ने भी गंगापुर तहसील के साथ सवाई माधोपुर का राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी ज़िम्मेदारी को प्राप्त किया इस ज़िम्मेदारी से सवाई माधोपुर ओर राजस्थान के सभी युवाओं में खुशी ओर जोश का महोल है

# ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट ने किया एसपी का सम्मान

## ट्रांसपोर्टर साथ हुई लूट के मामले में पुलिस की कामयाबी पर आभार ज्ञापित किया



**मोनू नामदेव पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी**- पुलिस की लगातार सक्रिय कार्यप्रणाली को प्रोत्साहित करते हुए ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट मप्र शाखा शिवपुरी के द्वारा पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल सहित उन अन्य पुलिस अफसरों का उनके दफ्तरों का सम्मान किया गया जिन्होंने यूनियन के एक ट्रांसपोर्टर राकेश मित्तल के साथ हुई 5 लाख की लूट के मामले में ना केवल आरोपी को पकड़ा गया बल्कि 3 लाख रूपये की नगद राशि भी बरामद की। इसे लेकर ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट के जिलाध्यक्ष सूबेदार सिंह कुशवाह (मुन्नाराजा) व संगठन के हृदेश सचदेवा एवं लूट का शिकार हुए ट्रांसपोर्ट राकेश मित्तल सहित अन्य लोग मिलकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां सर्वप्रथम एसपी श्री चंदेल का शॉल-श्रीफल व बुके भेंट कर ट्रांसपोर्टर साथी के साथ हुई लूट के मामले में त्वरित कार्यवाही पर सम्मान किया एवं उन सभी पुलिसकर्मियों का आभार प्रकट किया गया जिन्होंने नगर में ट्रांसपोर्टर साथी के साथ हुई इस घटना के बाद जनता का विश्वास हासिल करने के लिए अति.पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया, एसडीओपी अजय भार्गव एवं पुलिस थाना कोतवाली प्रभारी सुनील खेमरिया के द्वारा इस लूट के मामले में तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया व आरोपी के कब्जे से 3 लाख रूपये भी बरामद किए। ट्रांसपोर्ट व्यापारी के साथ इस लूट काण्ड का पर्दाफाश करने वाले समस्त पुलिसकर्मियों का ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट की ओर से आभार प्रकट करते हुए उनके दफ्तर पहुंचकर शॉल-श्रीफल व माल्यर्पण करते हुए सम्मान किया गया। इस दौरान संगठन सदस्य विनोद शास्त्री, बण्टी दीप मोटर्स, सिद्दीक खान, इदरीश खान, मेहमूद खान, भैयन भाई, अब्दुल समद, लाला गुर्जर, गुलजार खान, मुकेश राठौर, विशन राठौर, महेश गौड़ बॉडी वाले, धर्मवीर सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।



## बजरंग दल द्वारा निकाला गया पथ संचलन

**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी**- खबर शिवपुरी जिले के देहात थाना क्षेत्र से है जहां आज शाम बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद द्वारा शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए पथ संचलन का आयोजन किया गया इसमें बजरंग दल के प्रमुख कार्यकर्ता शामिल रहे पथ संचलन में जय श्री राम और भारत माता की जय के नारों के साथ पथ संचलन का आयोजन किया गया पथ संचलन पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से शहर के मुख्य मार्गो से निकाला गया पथ संचलन का स्वागत जगह जगह शहर के समाजसेवियों और भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया पथ संचलन में भारी पुलिस बल भी तैनात रहा इसमें किसी भी प्रकार का कोई उपद्रव नहीं हो सके इसके लिए आला पुलिस अधिकारियों ने अपने हाथों में कमान ली बजरंग दल का शौर्य संचलन मैं युवाओं में देशभक्ति की अलख जगाने एव विषम परिस्थितियों में हिंदू युवा देश और धर्म की रक्षा के लिए तत्पर हो इसी भावना से बजरंग दल पूरे देश में शौर्य पथ संचलन निकाल गया कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन हेतु विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री श्री पप्पू जी वर्मा विशेष रुप से उपस्थित रहें संचलन में बजरंग दल के कार्यकर्ता निश्चित गणवेश में पंक्ति सह घोष की ध्वनि पर कदम से कदम मिलाकर निकला संचलन आज शाम 5¬30 से काली माता मंदिर से प्रारंभ होकर सुभाष चौक ,इमामबाड़ा, नील गह चौराहा,पुरानी शिवपुरी ,होते हुए गुरुद्वारा चौक ,माधव चौक, कोर्ट रोड, अस्पताल चौराहा, राजेश्वरी रोड, झांसी तिराहा, होकर नगर के काली माता मंदिर पर समापन हुआ हिंदू शौर्य के प्रकटीकरण के इस यज्ञ में सभी लोग ÷अपना काम÷ समझ कर जुड़ें , और बजरंग दल का गणवेश पहन कर धर्म रक्षा,और राष्ट्र रक्षा का संकल्प लें,ऐसी अपेक्षा है ।

### भाजपा नगर मंडल शिवपुरी के आईटी सेल प्रभारी बने आशीष सेन , तो पुरानी शिवपुरी मंडल आईटी सेल प्रभारी के प्रशांत राठौर बने।

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी ब्यूरो।*** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विपुल जैमिनी एवं पुरानी शिवपुरी मंडल अध्यक्ष केपी परमार द्वारा अपनी बहूप्रतिक्षित कार्यकारिणी आखिरकार घोषित कर दी। जिसमें भाजपा नगर मंडल शिवपुरी से आईटी सेल प्रभारी *आशीष सेन* जी को बनाया गया तथा नगर मंडल पुरानी शिवपुरी *प्रशांत राठोर* आईटी सेल प्रभारी बने इन दोनों प्रभारियों को नियुक्त होने पर सभी शहर वासियों ने तथा शुभचिंतकों ने उनको सोशल मीडिया तथा पुष्पमाला मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी आशीष सेन ने बताया कि हम दोनों को श्रीमंत यशोधरा राजे जी महाराज साहब के आशीर्वाद से तथा दोनों नगर मंडल अध्यक्ष के निर्देशन में आईटी सेल प्रभारी बना दिया है हमें आशा है कि हम इस पद खड़े उतरेंगे हम महाराज साहब और दोनों मंडल अध्यक्ष जी का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करते है और अपने दायित्व को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाएंगे।

### रोजगार मेला 28 मार्च को जिला सेवायोजन कार्यालय जिला पंचायत परिसर में होगा आयोजित

**एटा।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने सूचित किया है कि दिनांक 28 मार्च को जिला सेवायोजन कार्यालय जिला पंचायत परिसर पर ऑफलाइन रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा, जिसमें विभिन्न कम्पनियां द्वारा लगभग 500 रिक्त पदों पर 18 से 40 वर्ष आयु के हाईस्कूल/इण्टर/स्नातक/अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर चयन किया जायेगा।उन्होनें बताया कि रोजगार मेले में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी अपना पंजीयन पोर्टल पर पंजीयन अवश्य कराये। शैक्षिक योग्यता आयु के अनुसार पोर्टल पर प्रदर्शित कम्पनी में ऑनलाइन आवेदन आज की सांय 4 बजे तक अवश्य कर दें।

# शहर के सम्पूर्ण सड़क नेटवर्क को बेहतर बनाएँ : केन्द्रीय मंत्री सिंधिया

## ग्वालियर शहर के विकास कार्यों की हुई समीक्षा



**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर के सम्पूर्ण सड़क नेटवर्क की समीक्षा कर हर सड़क मार्ग की ग्रेडिंग करें। साथ ही सड़कों के निर्माण व रख-रखाव का पुख्ता प्लान बनाएँ, जिससे शहर में नई सड़कें बन सकें और पुरानी सड़कों की नियमित रूप से मरम्मत होती रहे। इस आशय के निर्देश केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शहर के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए।

शनिवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, लघु उद्योग विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती इमरती देवी, बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव, पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल व श्री रामबरन सिंह गुर्जर तथा श्री देवेन्द्र सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, परिवहन आयुक्त श्री मुकेश जैन, संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, पुलिस महानिरीक्षक श्री अनिल शर्मा, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती जयति सिंह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने जोर देकर कहा कि निर्माणाधीन सड़कों के पूर्ण होने की स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित करें। इसी तरह सड़कों की मरम्मत भी समयबद्ध कार्यक्रम के तहत की जाए, इसमें किसी तरह की ढ़िलाई बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने ग्वालियर शहर की सभी सड़कों की स्ट्रीट लाईट हर हाल में 15 मई तक दुरूस्त करने के निर्देश भी दिए। बैठक में बताया गया कि स्मार्ट सिटी द्वारा ग्वालियर शहर के अंतर्गत 25 सड़कों के निर्माण के लिये लगभग 86 करोड़ रूपए की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। इनकी टेंडर प्रक्रिया प्रचलन में है। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा शहर की शेष सड़कों के निर्माण और मरम्मत के लिये सरकार से धनराशि प्राप्त करने के लिये भोपाल स्तर पर प्रयत्न किए जायेंगे। शहर की कुल 124 किलोमीटर लम्बाई की 84 सड़कों के निर्माण व मरम्मत के लिये लगभग 171 करोड़ रूपए की कार्ययोजना बनाई गई है।

### वैज्ञानिक तरीके से बनाएँ शहर का पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम

केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हर बाजार व सड़कों का हर पहलू से अध्ययन कर वैज्ञानिक तरीके से ग्वालियर शहर का यातायात प्लान (पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम) तैयार करने के निर्देश भी बैठक में दिए। उन्होंने कहा हर वार्ड व बाजार की मांग के अनुसार यह तय करें कि किस मार्ग पर टेम्पो, ऑटो व ई-रिक्शा चलेंगे और किस मार्ग पर सिटी बस । उन्होंने कहा टेम्पो व ऑटो रिक्शा को छोटे मार्ग और बसों के लिये लम्बे रूट निर्धारित करें। साथ ही इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि ऑटो व टेम्पो के व्यवसाय पर विपरीत प्रभाव न पड़े। केन्द्रीय मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि महानगरों की तर्ज पर सड़क मार्ग व बाजारों के हिसाब से ऑटो, टेम्पो व सिटी बसों का रंग (कलर कोडिंग) भी निर्धारित करें, जिससे पब्लिक ट्रांसपोर्ट के वाहन निर्धारित रूट पर ही चलें। श्री सिंधिया ने कहा कि परिवहन आयुक्त, जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस आपसी समन्वय बनाकर एक माह के भीतर शहर के लिये पब्लिक ट्रांसपोर्ट संचालन का प्लान तैयार करें। सड़क आवागमन में बाधा बन रहे शहर के विभिन्न मार्गों पर स्थित 40 विद्युत पोल एक माह के भीतर शिफ्ट कराने के निर्देश भी केन्द्रीय मंत्री ने बैठक में दिए। विद्युत वितरण कंपनी को इन पोलों की शिफ्टिंग के लिये नगर निगम द्वारा धनराशि उपलब्ध करा दी गई है।

### एक माह में तैयार करें सभी तरह के कचरा प्रबंधन का प्लान

केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर शहर का टोटल वेस्ट मैनेजमेंट प्लान (सभी तरह के कचरे का प्रबंधन) तैयार करने पर बैठक में विशेष बल दिया। उन्होंने कहा घरेलू कचरा, गोबर तथा बाजारों व मंडियों से निकलने वाला कचरा सहित अन्य प्रकार के कचरे के प्रबंधन के लिये विशेषज्ञों की मदद लेकर एक माह के भीतर संयुक्त प्लान तैयार करने के निर्देश भी नगर निगम आयुक्त को दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर व श्री सिंधिया चीनौर पहुँचे

**ग्वालियर।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर और केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पूर्व मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया के गृह ग्राम चीनौर





पहुँचकर उनके स्व. पिताश्री ठा. बलवंत सिंह जू पवैया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्ण नमन किया। स्व. बलवंत सिंह जी पवैया की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर लघु उद्योग विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती इमरती देवी, बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, पिछड़ा वर्ग तथा अल्प संख्यक वित्त विकास निगम के उपाध्यक्ष राव अजय प्रताप सिंह यादव, श्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व मंत्री डॉ. गोविंद सिंह, गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष श्री आशुतोष तिवारी, भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री श्री शिवप्रकाश जी, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद शर्मा जी तथा सर्वश्री भगवानदास सबनानी,पूर्व विधायक गण श्री मुकेश चौधरी, श्री जीतू जिराती, श्री रमेश अग्रवाल, श्री मदन कुशवाह व श्री रामबरन सिंह गुर्जर, प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी श्री लोकेन्द्र पाराशर, भाजपा जिला अध्यक्ष शहर श्री कमल माखीजानी व ग्रामीण श्री कौशल शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण श्रद्धा-सुमन अर्पित करने पहुँचे थे।

### करोड़पति निकला सहायक शिक्षक ईओडब्ल्यू ने मारा छापा

**ग्वालियर।** शनिवार की सुबह ईओडब्ल्यू ने जिले के घाटीगांव ब्लाक में पदस्थ सहायक शिक्षक प्रशांत सिंह परमार के सत्यम रेजीडेंसी के लग्जरी फ्लैट व सत्यम कार्पोरेट में अलीशान आफिस, कालेज सहित चार स्थानों पर आय से अधिक संपति के मामले में छापा मारा। शुरुआती जांच में टीम को पता चला कि अलग-अलग नामों से सरकारी स्कूल का मास्टर प्रशांत सिंह अंचल में 21 बीटी कालेज, तीन नर्सिंग कालेज व तीन बीएड कालेज परिवार के सदस्यों के नामों से संचालित कर रहा था। यह कालेज परमार एजुकेशन ट्रस्ट के माध्यम से संचालित है।

# पुलिस ने एक लाख 43 हजार रूपये की अवैध शराब सहित कार को किया जप्त

**ग्वालियर।** शहर की जनकगंज थाना पुलिस ने एक लाख 43 हजार रूपये की अवैध शराब सहित कार को पकडा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, द्वारा ग्वालियर जिले में अवैध शराब की खरीद फरोख्त करने वाले बदमाषों पर प्रभावी कार्यवाही करने के लिये समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। एसएसपी ग्वालियर द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक, शहर-पष्चिम सतेन्द्र सिंह तोमर द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब की खरीद-फरोख्त करने वाले पर अंकुष लगाने हेतु मुखबिर तंत्र विकसित कर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में नगर पुलिस अधीक्षक लष्कर आत्माराम शर्मा के मार्गदर्षन में कार्य करते हुये थाना प्रभारी जनकगंज निरी0 संतोष यादव द्वारा अपने थाना क्षेत्रार्न्तग चोरी, लूट एवं अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने हेतु विभिन्न स्थानो पर थाना बल लगाकर चैकिंग पाईट लगाये गये थे। दिनांक 26.03.2022 की रात्रि को गोल पहाडिया चैकिंग पाइंट पर पुलिस टीम द्वारा की जा रही चैकिंग के दौरान गिरवाई से एक कार तेजी से आती हुई दिखी, पुलिस टीम को देखकर कार चालक द्वारा तेजी से कार को तिघरा रोड तरफ मोड कर भगाने लगा, जिसे पुलिस टीम द्वारा तत्काल वाहन से पीछा करते हुये गुप्तेष्वर मंदिर के आगे तिघरा रोड पर रोक लिया गया, किन्तु वाहन चालक अन्धेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पुलिस टीम द्वारा कार की तलाषी लेने पर उसके अन्दर कार्टून रखे मिले, जिन्हे खोलकर चैक किया गया तो उसमे अवैध शराब भरी हुई पाई गई। मौके से कार में 26 पेटियों मे से 1300 क्वाटर में कुल 234 लीटर अवैध शराब कीमती 01 लाख 43 हजार रूपये पाई गई। मौके से कार एवं अवैध शराब को जप्त कर थाना जनकगंज पुलिस द्वारा अज्ञात कार चालक के खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया जाकर उसकी तलाष की जा रही है।

बरामद मषरूका:-234 लीटर अवैध शराब कीमती 01 लाख 43 हजार रूपये एवं एक कार।उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी जनकगंज निरी0 श्री संतोष यादव, उनि0 पप्पू यादव, रोहित चौधरी, प्रआर0 ब्रजेन्द्र जाट, आर0 जसवीर गुर्जर, मुरारी शर्मा, संजीव मावई, नरेन्द्र, रामवीर किरार, संजय शर्मा, प्रदीप कोठारी की सराहनीय भूमिका रही ।

# हमारा ग्वालियर स्वच्छ ग्वालियर पर आधारित कार्निवाल कल

**ग्वालियर।** न्यू स्वास्तिक चैरिटेबल सोसायटी एवं जीवाजी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में हमारा ग्वालियर स्वच्छ ग्वालियर पर आधारित ग्वालियर कार्निवल 2022 (रशटेक) का आयोजन कल 27 मार्च 2022 रविवार को सांय 4 बजे से जीवाजी क्लब गेट 3 परिसर में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना के बाद अंकिता कैलासिया द्वारा स्वच्छता पर आधारित गीत प्रस्तुत किया जायेगा। युवाओं को आकर्षित करने हेतु इस कार्यक्रम में रॉक बैड परफॉमेंस, ओपन माइक, रैप सिंगिंग का लाइव कंसर्ट नेशनल टीवी आर्टिस्ट द रैपिंग मशीन अमान खान एवं ईडीएम (इलेक्ट्रॉनिक डांस म्यूजिक) का संचालन इंटरनेशनल परफॉर्मर आर्टिस्ट डीजे रुहिला प्रकाश के द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर शहर को स्वच्छ बनाने के लिए युवाओं को शपथ दिलाई जाएगी। यह जानकारी देते हुये न्यू स्वास्तिक चैरिटेबिल सोसायटी के अध्यक्ष गौरव शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में शहर के युवाओं को कोविड-19 के प्रभाव से मानसिक रूप से उबारने एवं सशक्त बनाने के साथ सामाजिक दायित्व के प्रति उत्साहित करने व अपने शहर में स्वच्छता सहभागिता के लिए प्रेरित करने हेतु ग्वालियर कार्निवाल के आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्वालियर में पर्यटन सुविधाओं के प्रति जनजागरूकता बढाना एवं स्मार्ट सिटी के प्रकल्पों के प्रति जनजागृति करना भी है। ग्वालियर कार्निवाल के आयोजन का महत्वपूर्ण मकसद यह भी है कि शहर के युवा अपने शहर की सूरत, सीरत बदलने के लिए नवसंकल्पित हों और अपने शहर के खुद भाग्य निर्माता बनें। आमजनों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्वालियर को स्वच्छता में नंबर वन पर लाने के लिए युवा पीढ़ी को जागरूक करने शहर के शैक्षणिक व सामाजिक संगठनों की भी कार्निवाल में भागीदारी होगी। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, ग्वालियर सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, प्रदेश सरकार के उर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, उद्यानिकी मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह, लश्कर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक डा सतीश सिंह सिकरवार, पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में बडी संख्या में शहर के युवा भी सहभागिता करेंगे।

# मप्र हीरोज के युवाओं ने 93 रन पर किया मप्र स्टार्स के दिग्गजों को ऑलआउट

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश दिव्यांग क्रिकेट एशोसिएशन एवं निशक्तजन खेल एवं कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित की जा रही मप्र दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन मप्र हीरोज के युवाओं ने 14.2 ओवर में ही मप्र स्टार्स के दिग्गज खिलाडियों को 93 रन पर ऑलआउट कर दिया और 72 रनों के बडे अंतर से जीत दर्ज की। वहीं दूसरे मैच में मप्र लीजेन्ड की टीम ने मप्र यंगस्टर्स के खिलाडियों को पटकनी दी। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव संजय सिंह तोमर ने जानकारी दते हुए बताया कि महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज के हरेभरे क्रिकेट मैदान पर निशक्तजन खेल एवं कल्याण समिति ग्वालियर को दिव्यांग क्रिकेट का संचालन व सेवा करते हुए 20 वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही मप्र दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन पहला मैच मध्यप्रदेश हीरोज एवं मध्य प्रदेश स्टार्ट के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए मध्य प्रदेश हीरोज की टीम ने 9 विकेट खोकर 165 रन का स्कोर खड़ा किया जिसमें आकाश यादव ने 53 बॉल में 83 रन अतुल गोस्वामी ने 18 रन एवं प्रतीक द्विवेदी ने 17 रन बनाए. वहीं एमपी स्टाफ की ओर से मनीष खटीक ने 3 विकेट एवं सचिन सिसोदिया एवं राजेश गुर्जर ने दो-दो विकेट लिए। वही जवाबी पारी में एमपी स्टार की टीम 14.2 ओवर में 93 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जिसमें सर्वाधिक स्कोर नीरज टाक ने 21 रन एवं सचिन सिसोदिया ने 13 रन बनाए वही एमपी रोड की तरफ से अब्दुल शहजाद ने 5 उदय पाल ने दो एवं विजय यादव व मोहित मेहरा ने एक-एक विकेट चटकाए। इस प्रकार एमपी हीरोज की टीम ने 72 रन से अपना मैच जीत लिया। दूसरे मैच में मप्र लीजेन्ड की टीम ने 19 ओवर में 10 विकेट खोकर 134 रन बनाए।

### प्रतियोगता का समापन व पुरुस्कार वितरण आज

महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज के हरेभरे क्रिकेट मैदान पर निशक्तजन खेल एवं कल्याण समिति ग्वालियर को दिव्यांग क्रिकेट का संचालन व सेवा करते हुए 20 वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही मप्र दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन कल दिनांक 27 मार्च 2022 को सांय 5 बजे एमएलबी कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष श्री देवेन्द्र सिंह तोमर उपस्थित रहेगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव श्री मितेन्द्र दर्शन सिंह करेगें। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में ट्रोपीलाइट फूल प्रा लिमिटेड के एमडी श्री पुनीत डाबर, एचआर हैड श्री अतुल कक्कड एवं श्री आलोक उपाध्याय उपस्थित रहेगें।




# स्वच्छता में आपकी भूमिका सराहनीय, आप सफाई दूत नहीं सफाई देवता हो: सिंधिया



### अटल सभागर में हुआ सफाई दूतों का सम्मान

**ग्वालियर।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सफाई दूतों का सम्मान करते हुए कहा कि मेरा सौभाग्य है कि आज मैं सफाई देवताओं का सम्मान कर रहा हूँ। आप सफाईदूत नहीं सफाई देवता हैं जिनका सम्मान करना मेरे लिये गौरव की बात है। स्वच्छता की लडाई की सेना के सेनापति आप हो आपके बिना ये स्वच्छता का युद्ध नहीं जीता जा सकता है। आप के स्वास्थ्य व सम्मान को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कार्यक्रम के प्रारंभ में मंच से उतरकर वार्ड 42 की सफाईदूत श्रीमती बबीता नारायण का हाथ पकडकर मंच पर ले गए और अपने पास वाली कुर्सी पर अतिथि के रुप में बैठाकर स्वच्छताकर्मियों के प्रति अपने स्नेह से सभी को अभीभूत कर दिया। इस अवसर पर मप्र बीज विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सैना, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल सहित जनप्रतिनिधि एवं पार्षदगण व विभागीय अधिकारी व निगम के सभी सफाईदूत उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी स्वच्छताकर्मियों को हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल बिहारी सभागार में आयोजित स्वच्छता दूत सम्मान समारोह में केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि हमारी कोशिश होती है कि देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के दिखाये हुए पथ पर चलें और बापू का पथ स्वच्छता का पथ था। स्वच्छता सिर्फ सफाई नहीं, स्वच्छता शीश से पांव तक जिंदगी के हर पल के आचरण में सोच और विचारधारा में, मूल्यों और सिद्धांतो में होना चाहिए और आज उनके दिखाये हुए पथ पर चलना, प्रण लेना और अपनी जिंदगी में उसे निभाना हर भारतवासी का दायित्व नहीं धर्म होना चाहिए। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि भारत को विश्व पटल पर उभारने का जो संकल्प हमारे देश के प्रधानमंत्री ने लिया था, वह पूरा हो रहा है। बापू का सपना था स्वच्छ भारत हो अपना और इसी सपने को साकार करने का कार्य देश के प्रधानमंत्री ने किया है। जब आपके हृदय में पवित्रता हो दृण इच्छा शक्ति हो तो उस व्यक्ति के पीछे कारवा चलता है। यह प्रधानमंत्री जी ने करके दिखाया है।

उन्होंने कहा कि जिंदगी में जब मान सम्मान मिलता है तो कोई लालच की जरूरत नहीं होती, छाती गर्व से फूल जाती हैं, आप मेरे सफाई कर्मचारी नहीं सफाई देवता हैं। साथ ही कहा कि ग्वालियर को स्वच्छ बनाने का संकल्प हर मौहल्लेवासियों ने लिया है। आज वह साकार हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने सभी के हाथ उपर उठाकर ग्वालियर को स्वच्छता में देश में प्रथम स्थान पर लाने के लिये संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के शुभारंभ सफाईदूत श्रीमती बबीता नारायण को हाथ पकडकर बिठाया अपने बगल में



केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जब कार्यक्रम में पहुंचे तो उन्होंने सभागार में बैठी वार्ड 42 की सफाईदूत श्रीमती बबीता नारायण का हाथ पकड कर अपने साथ दीप प्रज्जवलित कराया तथा अपने साथ मंच पर बगल की कुर्सी पर बिठाया इसके साथ ही उन्होंने बबीता से कहा कि आप वर्ष में कम से कम एक बार अपना स्वास्थ्य परीक्षण करायें तथा कोई परेशानी हो तो अवगत करायें। पूरे कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया बबीता नारायण का हाथ पकडे रहे।

### सभी स्वच्छता दूतों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

जीवाजी विश्वविद्यालय में आयोजित स्वच्छता दूतों के सम्मान कार्यक्रम के दौरान सभी स्वचच्छता दूतों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा इस अवसर पर सभी को हेल्थ कार्ड वितरण किया गया जिससे वह नियमित रुप से अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा सकें।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478